



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 347 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 29 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### संसद में दो अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रदेश के 10 बच्चे

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 10 बच्चों को संसद भवन को देखने का मौका मिलेगा। ये बच्चे दो अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में होने वाले नो योर लीडर कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें छह से 12 साल के बच्चे भाग लेंगे। शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर दो अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर हर राज्य से 10-10 बच्चों का चयन कर उन्हें नई दिल्ली स्थित संसद में होने वाले कार्यक्रम में शामिल किया जाता है, ताकि बच्चे देश के महापुरुषों के बारे में जान सकें। इसके लिए एनसीईआरटी की ओर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश जारी किए हैं। इस कार्यक्रम के लिए चयनित बच्चों से संबंधित महापुरुषों के संबंध में भाषण तैयार कराकर मंगाया गया है। इस प्रक्रिया के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले से दो-दो बच्चों के नाम एनसीईआरटी को भेजे गए हैं। एनसीईआरटी इनमें से 10 बच्चों का नाम चयनित कर नई दिल्ली के लिए आमंत्रित करेगा। इसमें जिन बच्चों की दूरी एक हजार किमी तक होगी, उन्हें हवाई यात्रा से बुलाया जाएगा। वहीं जिनके घर की दूरी इससे कम होगी ट्रेन से नई दिल्ली बुलाया जाएगा।

### खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत पन्नू के खिलाफ एफआईआर

**अहमदाबाद।** आईसीसी विश्व कप 2023 में भारत बनाम पाकिस्तान के मैच से पहले धमकी देने के मामले में गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का प्रमुख संस्थापक और नामित आतंकी पन्नू के खिलाफ 121(ए), 153(ए)(बी), 505 आईपीसी, यूएपीए और आईटी एक्ट 66 एफके तहत एफआईआर दर्ज की गई है। साइबर क्राइम डीसीपी अहमदाबाद अजीत रज्जन ने कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर पहले से रिकॉर्ड किए गए धमकी भरे संदेश पोस्ट किए गए और माहौल खराब करने की कोशिश की गई। दरअसल, क्रिकेट विश्व कप शुरू होने से पहले खालिस्तानी समर्थकों ने दुस्साहस किया था। उसकी ओर से इस टूर्नामेंट को निशाना बनाने की बात कही गई थी। यह कायराना रवैया उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनाया। गुरपतवंत सिंह पन्नू टूर्नामेंट के दौरान हमला करने की धमकी दी थी।

# तीन दिन में 2 बार छत्तीसगढ़ आएंगे पीएम मोदी, भाजपा चुनावी माहौल बनाने में जुटी

## मोदी की सभा से बनने वाले माहौल को अपने पक्ष में करने में जुटी कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

भिलाई। छत्तीसगढ़ में चुनावी शंखनाद से पहले भाजपा ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पार्टी के शीर्षस्थ नेता फिलहाल राज्य में पीएम के दौरों और चुनाव के लिए प्रत्याशी तय करने में लगे हुए हैं। कल रायपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा व महासचिव बीएल संतोष की मौजूदगी में करीब 7 घंटे मैराथन बैठक चलती रही। खासतौर पर इस बैठक में पीएम मोदी की 3 दिनों के भीतर होने वाली 2 सभाओं को सौ फीसद सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। हालांकि बैठक के दौरान शाह ने प्रादेशिक नेताओं से यह सवाल भी पूछा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए क्या किया जा रहा है? बताते हैं कि सीनियर नेताओं की मौजूदगी में राज्य की बाकी बची 69 सीटों पर आए नामों पर भी मंत्रणा हुई। इसके बाद यह खबर भी आई कि मोदी के दौरे के बाद दूसरी सूची जारी कर दी जाएगी।



भाजपा की दोनों परिवर्तन यात्राएं कल बिलासपुर में एकाकार होने जा रही है। यहीं इन यात्राओं का समापन पड़ाव भी है। इस समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां बड़ी सभा करने जा रहे हैं। इसी सभा की सफलता की तैयारियों को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने लम्बी बैठक की। बैठक का सबसे मुख्य एजेंडा यही था कि किस तरह से अत्यधिक भीड़ जुटाकर चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जाए। इस सभा का असर बस्तर से लेकर जशपुर संभाग तक पड़े, इसके लिए भी व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह भी शामिल थे। गौरतलब है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने भी बिलासपुर से ही कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को मूर्त रूप दिया था। छत्तीसगढ़ सरकार के आवास न्याय योजना कार्यक्रम में शिरकत करने आए राहुल गांधी ने बिलासपुर के मंच से केन्द्र सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं चूका था। इसके बाद कल ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी कृषक सम्मेलन में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ आए। भाजपा की इन दोनों नेताओं के कार्यक्रमों पर पैनी नजर थी। अब पार्टी का मुख्य उद्देश्य पीएम मोदी की सभा के जरिए छत्तीसगढ़ में चुनावी माहौल तैयार करना है। कल 30 सितम्बर को बिलासपुर के बाद मोदी 3 अक्टूबर को दंतेवाड़ा में भी सभा करेंगे।

### भरोसा यात्रा के बाद आएगी सूची

भाजपा की परिवर्तन यात्राओं के जवाब में कांग्रेस भी भरोसा यात्राएं निकालने जा रही है। यह यात्रा सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों से एक ही दिन एक साथ निकाली जाएगी। इसके लिए 2 अक्टूबर को गांधी जयंती का दिन निर्धारित किया गया है। इन यात्राओं को सफल बनाने के लिए सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी भी दी जा चुकी है। सीएम भूपेश बघेल को राजनांदगांव, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को सरगुजा व रायगढ़ तथा पीसीसी चीफ दीपक बैज को बस्तर व कांकेर, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग और बिलासपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह कोरबा व जांजगीर क्षेत्र की जिम्मेदारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत पर होगी। शिवकुमार डहरिया को रायपुर व महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। फिलहाल प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की नजरें परिवर्तन यात्रा के समापन अवसर पर होने वाली पीएम मोदी की सभा पर लगी है। पार्टी इस सोच पर काम कर रही है कि किस तरह से मोदी की सभा से बने माहौल को भरोसा यात्रा के जरिए अपने पक्ष में किया जाए।

### शाह ने पूछा- कैसे काम करेंगे, कैसे बनेगी सरकार?

7 घंटे तक चली मैराथन बैठक के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ में पार्टी किस तरह काम करेगी और यहां सरकार कैसे बनेगी? कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों साफतौर पर कहा था कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, जबकि राजस्थान में कांटे का मुकाबला है। राजनीतिक के जानकार शाह द्वारा उठाए गए सवालों को राहुल गांधी के इसी दावे से जोड़कर देख रहे हैं? भाजपा के जानकारों का दावा है कि छत्तीसगढ़ में वैसे हालात नहीं है, जैसे कि कांग्रेस के बड़े नेता दावा कर रहे हैं। यहां वर्तमान में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस व भाजपा के बीच लगभग बराबरी की स्थिति है। इन हालातों में भाजपा के लिए सरकार में आने की अच्छी संभावना है। उल्लेखनीय है कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में दावा किया कि कांग्रेस पार्टी यहां से 75 से ज्यादा सीटें जीत रही है।

### 90 सीटों पर तय हो गए नाम

इधर, कांग्रेस के भी राज्य की सभी 90 सीटों पर नाम तय करने की खबर है। कल ही छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में अहम् बैठक होने की खबर है। इस बैठक में पीसीसी चीफदीपक बैज, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की मौजूदगी में प्रत्याशियों के नामों पर गम्भीर चर्चा हुई। बताते हैं कि लगभग सभी सीटों पर सिंगल नाम तय किए जा चुके हैं। प्रदेश चुनाव समिति ने हाल ही में स्क्रीनिंग कमेटी को पैनल समेत नाम भेजे थे। इस पर स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माखन ने खुलकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर सीट के लिए सिर्फएक-एक नाम ही भेजे जाएं। इसके बाद प्रदेश चुनाव समिति ने फिर से कवायद प्रारम्भ की। अब खबर है कि सभी सीटों पर सिंगल नाम तय हो चुके हैं। इन्हें सीईसी को सौंपे जाएंगे। एक अक्टूबर को स्क्रीनिंग की बैठक रायपुर में ही होने जा रही है। इस बैठक में अजय माकन भी मौजूद रहेंगे। खबर है कि यह अंतिम बैठक होगी, जिसके बाद तमाम उम्मीदवारों के नाम एआईसीसी को भेजे जाएंगे। इसके बाद प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया जाएगा।

# आरक्षण पर गरमाई सियासतः कांग्रेस का आरोप- अमित शाह ने रोका आरक्षण

- भाजपा का पलटवार- संविधान सर्वोपरि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कांग्रेस और भाजपा के बीच आरक्षण की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अमित शाह के कारण राजभवन में आरक्षण बिल अटका है, वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आरक्षण के नाम पर धोखा दिया है।

कांग्रेस ने साफ किया है कि विधानसभा चुनाव में आरक्षण बिल छत्तीसगढ़ में बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। आरक्षण बिल को राजभवन में रोकना भाजपा की साजिश है। कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह से सवाल पूछा है कि आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर क्यों नहीं हो रहा है।

भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों पर हमलावर होते हुए कहा कि संविधान सर्वोपरि हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भाजपा की सरकार संविधान के अनुसार काम करती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भूपेश बघेल से पूछना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में आरक्षण के नाम पर उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और सामान्य हर वर्ग की जनता के साथ छलावा क्यों किया?





### जनता के बीच लेकर जाएंगे मुद्दा : दीपक बैज

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में आरक्षण बिल सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी। यह भाजपा का गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी, पिछड़ा वर्ग विरोधी, अनुसूचित जाति विरोधी कदम है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के सभी वर्ग के लोगों के हितों में ध्यान रखकर आरक्षण विधेयक बनाया है और सभी जाति वर्ग की उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। भाजपा को यह डर सता रहा है कि यदि भूपेश सरकार में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया तो ओबीसी, एसटी, एससी और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण का अधिकार मिल जाएगा और उसके बाद भाजपा चुनाव में 14 सीट बचाने की स्थिति में भी नहीं रहेगी।

# असम में लड़की की हत्या के बाद शव के साथ किया दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों में रेलवे कर्मी भी शामिल
- डायरी से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

**करीमगंज (एजेंसी)।** असम के करीमगंज जिले में एक किशोरी की गला घोंटकर हत्या करने के बाद उसके शव से दुष्कर्म करने के आरोप में रेलवे के एक कर्मी समेत तीन लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

यह घटना नौ सितंबर की है और उसी दिन करीमगंज शहर बाईपास के पास से पीड़िता का शव बरामद कर लिया गया था। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पार्थ प्रीतम दास ने पत्रकारों को बताया कि पोस्टमार्टम में शव से दुष्कर्म करने की पुष्टि हुई है और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि छानबीन के दौरान, पुलिस को लड़की की निजी डायरी से एक फोन नंबर मिला जिससे तीनों आरोपियों का पता चला और करीमगंज शहर में उनके घरों से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पता चला कि रेलवे में नव नियुक्त एक कर्मचारी का लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था और वह लड़की पर यौन संबंध बनाने का दबाव बना रहा था लेकिन लड़की ने इससे बार-बार इनकार किया था। एसपी ने कहा, "नौ सितंबर को, लड़की को उसके घर पर अकेला पाकर लड़की के दोस्त और उसके दो साथियों ने लड़की से बलात्कार करने की कोशिश की लेकिन जब उसने विरोध किया तो उन्होंने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और फिर शव के साथ दुष्कर्म किया।" उन्होंने बताया कि आरोपियों ने बाईपास के पास शव को ठिकाने लगा दिया था। हालांकि पुलिस ने शव को बरामद कर लिया और लड़की के माता-पिता ने शव की पहचान कर ली।

# दिल्ली की ज्वेलरी शॉप का चोर दुर्ग पुलिस के हत्थे चढ़ा

- दुर्ग व बिलासपुर पुलिस की टीमों को मिली सफलता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दिल्ली के जंगपारा के ज्वेलरी शॉप से रविवार को हुई चोरी के आरोपी छत्तीसगढ़ पुलिस की पकड़ में आए हैं। दुर्ग पुलिस ने शातिर चोर लोकेश श्रीवास को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोकेश श्रीवास दिल्ली में चोरी करने के बाद भिलाई के स्मृति नगर में छिपा था। जिसे दुर्ग व बिलासपुर पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर पकड़ा। लोकेश श्रीवास के पास से 18.5 किलो सोना जब्त किया है। वहीं लोकेश के साथी शिवा चंद्रवंशी को बिलासपुर पुलिस ने कवर्धा से गिरफ्तार किया है।





बता दें रविवार को दिल्ली के जंगपुरा स्थित ज्वेलरी शॉप से चोर छत काटकर दुकान में घुसे और चोरी की। इस मामले में दिल्ली पुलिस चोरों को पकड़ने लगातार संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इस बीच भिलाई के स्मृति नगर से शातिर चोर लोकेश श्रीवास को दुर्ग पुलिस ने पकड़ा। लोकेश के पास भारी मात्रा में सोने के जेवर मिले। लोकेश व उसके साथी शिवा को बिलासपुर पुलिस ने गुरुवार को कवर्धा से पकड़ा था लेकिन लोकेश चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद लोकेश की लोकेशन दुर्ग में मिली। दिल्ली जंगपुरा पुलिस के साथ बिलासपुर पुलिस व दुर्ग पुलिस ने संयुक्त रुप से कार्रवाई कर लोकेश श्रीवास को घेराबंदी कर पकड़ा।

### आदतन चोर है लोकेश श्रीवास, पुलिस को थी तलाश

लोकेश श्रीवास को लेकर पुलिस ने बताया कि वह आदतन चोर है और चोरी के कई प्रकरणों में जेल की हवा खा चुका है। लोकेश श्रीवास की बिलासपुर एवं राजनांदगांव पुलिस को भी तलाश थी। इसके पूर्व भी लोकेश श्रीवास को दुर्ग पुलिस ने आकाशगंगा में पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था और उसके पास से चोरी का 100 फीसदी माल भी बरामद किया था। फिलहाल लोकेश श्रीवास को बिलासपुर पुलिस की कस्टडी में दिया जा रहा है। वहीं दिल्ली पुलिस की टीम भी लोकेश श्रीवास व उसके साथी की रिमांड पर लेकर दिल्ली रवाना होगी। लोकेश श्रीवास ने पिछले दिनों खैरागढ़ जेल ब्रेक भी किया था।

# तेज रफ्तार हाइवा के पीछे से घुस गई बाइक

श्रीकंचनपथ




इसी को पूर्वाग्रह कहते हैं। ऐसे कई पूर्वाग्रह देश को भीतर से खोखला कर रहे हैं। राजधानी रायपुर में एक बाइक सवार हाईवा के पिछले पहियों की चपेट में आकर दम तोड़ बैठा। खबर छपी की तेज रफ्तार हाईवा के पीछे से आकर बाइक सवार उसके पिछले पहियों में घुस गया और उसकी मौत हो गई। खबर में बताया गया कि हाईवा अचानक मुड़ गई थी जिसके कारण बाइक सवार को संभलने का मौका नहीं मिला। तेज रफ्तार हाईवा के पीछे से आकर घुसने वाला, धीमी रफ्तार वाला तो नहीं हो सकता। पर हमें हादसे में शामिल बड़े वाहन को तेज रफ्तार बताने की आदत सी पड़ गई है। हादसों में बड़ी गाड़ी का लापरवाह चालक, निकम्मी पुलिस और खराब सड़क, सब-के-सब दोषी होते हैं, सिवा उसके जिसकी मौत होती है। फिर चक्का जाम, नारेबाजी, मृतक के परिवारवालों को अनुकम्पा राशि, आश्रित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, आश्रित परिजन को अनुकम्पा नियुक्ति आदि की मांग होती है। अनुकम्पा राशि को कुछ लोग मुआवजा भी कहते हैं।इस घटना के साथ एक खबर और चली कि मृतक ने हेलमेट लगाया हुआ था, फिर भी उसकी जान चली गई। हेलमेट वाहन चालन के दौरान न्यूनतम सुरक्षा का उपकरण है। यह हादसे में सुरक्षा की गारंटी नहीं है। मौत केवल सिर फुटने से नहीं होती, शरीर के कुचले जाने से भी होती है। 1980 के दशक तक वाहनों की संख्या कम थी। बच्चे अपने पिता के बाइक या स्कूटर पर ही गाड़ी चलाना सीखते थे। पिता या बड़ा भाई उन्हें गाड़ी चलाना सिखाता था। वह बताता था कि आगे चल रही गाड़ी से सुरक्षित दूरी बनाए रखना जरूरी है ताकि उसके एकाएक रूकने पर वाहन को रोका जा सके। इसके साथ ही ओवरटेक करने से पहले दिन में हार्न और रात में अपर-डिपर का इस्तेमाल करना चाहिए। जब सामने वाले वाहन का ड्राइवर ओवरटेक करने का इशारा करे, तभी ओवरटेक करना चाहिए। मोहल्लों में गाड़ी की रफ्तार को कम रखना चाहिए तथा जहां भी कोई साइड स्ट्रीट हो वहां से गुजरते हुए हार्न देना चाहिए। पर यह सब बीते दिनों की बात हो गई। अब बच्चे गाड़ी चलाना, किससे और कब सीख लेते हैं, माता-पिता को पता ही नहीं चलता। उलटे माता-पिता शान से बताते हैं कि उनका 13 साल का लड़का कार चला लेता है।15 साल की लड़की कार चलाकर सहेलियों के साथ बर्थडे पार्टी मनाने शहर के बाहर ढाबे में पहुंचती है। किसी के माथे पर कोई शिकन नहीं आती।ऐसा नहीं है कि पालकों को खतरों का आभास नहीं है पर वे बच्चों की जिद के आगे हथियार डाल देते हैं। इन चालकों ने ट्रैफिक और ट्रैफिक पुलिस, दोनों की नाक में दम कर रखा है। इस लिहाज से हादसे आज भी कम ही हो रहे हैं। कुछ तो बड़ी गाड़ी वाले इनकी जान बचा लेते हैं और कुछ ईश्वर की कृपा है।




## संपादकीय

### विदा स्वामीनाथन

भारत ने अपनी हरित क्रांति का अग्रदूत खो दिया। भारत सदा-सर्वदा यह याद करेगा कि कैसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन ने देश में अनाज उत्पादन को बढ़ाने के लिए हरित क्रांति का नेतृत्व किया था। चेन्नई में 98 वर्ष की आयु उनका निधन भारतीय कृषि व खाद्य सुरक्षा के एक स्वर्णिम अध्याय के समापन की तरह है। यह कितना सुखद है कि देश के करोड़ों लोगों के लिए भोजन जुटाने में सहायक रहे वैज्ञानिक को लंबा जीवन नसीब हुआ और उनकी पुत्री व डब्ल्यूएचओ में पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉक्टर सौम्या स्वामीनाथन ने देश को बहुत गर्व के साथ बताया कि स्वामीनाथन बहुत शांति से दुनिया से विदा हुए हैं। किसानों के कल्याण और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध स्वामीनाथन की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने जीवन का एक लंबा समय लगा दिया था और हरित क्रांति की राह में आई बाधाओं को बहुत चतुराई से दूर किया था। इन कृषि महावीर वैज्ञानिक का यह देश सदैव ऋणी रहेगा। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनका अनुपम योगदान हमारे इतिहास का एक उज्ज्वलतम वाक्य है। उनके प्रति शोक संवेदनाओं का तांता स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी श्रद्धांजलि में उचित ही कहा है कि कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। स्वामीनाथन को विश्व स्तर पर अनेक सम्मान हासिल हुए। एक वक्त था, जब दुनिया को लगा था कि भारत अपने लोगों का पेट नहीं भर पाएगा। अंग्रेज तो भारतीय कृषि व्यवस्था को खोखला कर गए थे। भारत न खाने योग्य आयातित अनाज पर निर्भर हो गया था, पर स्वामीनाथन के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने 1960 के दशक के दौरान भारत में उच्च उपज वाली गेहूं और चावल की किस्मों पर सफलतापूर्वक काम करके कमाल कर दिया। हरित क्रांति की सफलता ने बहुत कम समय में देश को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया, अकाल से मुक्ति मिली, गरीब किसानों को भी लाभप्रद कृषि का तरीका आ गया। अनेक गांवों में खुशहाली आ गई। ऐसे महान बदलावों के लिए स्वामीनाथन को स्वाभाविक ही भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। स्वामीनाथन सच्चे भारतीय थे। विश्व युद्ध के समय जब बंगाल में भयानक अकाल पड़ा था। केरल विश्वविद्यालय के इस 18 वर्षीय छात्र को इस खबर ने हिलाकर रख दिया था कि लाखों बंगाली भाई अनाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। उन दिनों देश राजनीतिक आजादी के लिए लड़ रहा था। तब युवा स्वामीनाथन ने तय किया कि वह देश को भूख से आजादी दिलाने के लिए लड़ेंगे। अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए काम करेंगे। उनका सपना था कि भारत जैसे देश में अनाज इतनी ज्यादा मात्रा में पैदा हो कि यहां किसी को भूखे न सोना पड़े। वह अमेरिका चले गए, वहां एक बेमिसाल पादप आनुवंशिकीविद् के रूप में खुद को तैयार किया। विदेश में रहते हुए भी उन्होंने आलू की एक ठंड-प्रतिरोधी किस्म विकसित की थी। देश सेवा के लिए लौटे, तो चावल और गेहूं पर ध्यान दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी प्रेरित किया। समय रहते सरकार को बात समझ में आई और अपने देश के अनाज भंडार भरने लगे। आज अगर हमारे देश के प्रधानमंत्री यह बोलने की स्थिति में हैं कि भारत दुनिया को खिला सकता है, तो निस्संदेह, इसका सर्वाधिक श्रेय स्वामीनाथन को जाता है।

> “ भारत न खाने योग्य आयातित अनाज पर निर्भर हो गया था, पर स्वामीनाथन के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने 1960 के दशक के दौरान भारत में उच्च उपज वाली गेहूं और चावल की किस्मों पर सफलतापूर्वक काम करके कमाल कर दिया। हरित क्रांति की सफलता ने बहुत कम समय में देश को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया, अकाल से मुक्ति मिली, गरीब किसानों को भी लाभप्रद कृषि का तरीका आ गया।

## एक और राष्ट्रीय शर्म

बात राष्ट्रीय राजधानी की है, जो देश की सत्ता का केंद्र है- जहां पक्ष-विपक्ष में रोज ही किसी ना किसी मुद्दे को लेकर तकरार छिड़ी रहती है। लेकिन इस बहस में देश की आम आबादी के असल मुद्दे किस तरह गायब रहते हैं, इस पर ध्यान देना हो, तो बाल तस्करी के बारे में जारी हुई एक ताजा रिपोर्ट पर गौर करना चाहिए। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट ने यह भी बताया है कि कोरोना महामारी के बाद कई राज्यों में बाल तस्करी के मामले बढ़े हैं। गेम्स 24×7 और चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) ने बाल तस्करी के बारे में उपलब्ध आंकड़ों को संकलित कर यह रिपोर्ट तैयार की है। केएससीएफ ने 2016 और 2022 के बीच भारत के 21 राज्यों के 262 जिलों में बाल तस्करी के मामलों में हस्तक्षेप किया। उन मामलों से प्राप्त आंकड़ों के आधार तैयार रिपोर्ट में बताया गया है कि कानूनन बाल मजदूरी पर रोक होने के बावजूद बड़ी संख्या में बाल मजदूर आज भी विभिन्न उद्योगों में काम कर रहे हैं। जिन उद्योगों में सबसे ज्यादा बाल मजदूरों को रोजगार मिलता है, वे होटल और ढाबे (15.6 फीसदी) हैं। इसके बाद एक परिवार के स्वामित्व वाली ऑटोमोबाइल या परिवहन उद्योग (13 प्रतिशत) और कपड़ा क्षेत्र (11.18 फीसदी) हैं। जाहिरा तौर पर ये समस्या गंभीर है। लेकिन बाल तस्करी सिर्फ चिंताजनक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शर्म का भी विषय है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछड़े राज्यों से बच्चों की तस्करी कर उन्हें ऐसे शहरों या राज्यों में बेच दिया जाता है, जिससे उनका इस्तेमाल छोटे-मोटे उद्योगों या घरेलू काम के लिए किया जा सके। कई बार तस्कर बच्चों को ऐसे गैंग को भी बेच देते हैं जो भीख मांगने जैसे वाले रैकेट चलाते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2019 में देश में मानव तस्करी (बच्चों और वयस्कों समेत) के जितने भी मामले थे, उनमें से सबसे ज्यादा मामले जबरन श्रम, देह व्यापार, घरों में जबरन काम और जबरन शादी के थे। आजादी के 75 साल बाद भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। इसके लिए कौन जवाबदेह है?

## पंकजा मुंडे अब क्या करेंगी?

भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता रहे गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे का भाजपा में अलगाव बढ़ता जा रहा है। वे पिछले काफी समय से पार्टी में अलग थलग हैं और उनकी राजनीति को लेकर पार्टी सहमत नहीं है। सक्रिय राजनीति में उनकी शुरुआत विधायक और मंत्री बनने के साथ हुई थी। लेकिन 2019 में विधानसभा का चुनाव हारने के बाद से ही पार्टी में उनको किनारे किया जाने लगा। वे चाहती थीं कि पार्टी उनको विधान परिषद में भेजे लेकिन वह भी नहीं हुआ। उनको पार्टी की केंद्रीय टीम में जिम्मेदारी मिली है लेकिन वे उस जिम्मेदारी से ज्यादा अपने क्षेत्र में और महाराष्ट्र में काम करने की इच्छुक हैं। तभी उन्होंने महाराष्ट्र में शिव शक्ति यात्रा निकालने का ऐलान किया। हालांकि उनकी इस यात्रा को पार्टी के नेताओं ने एक तरह से अनुशासनहीनता माना। बताया जा रहा है कि उनको यात्रा निकालने से रोकने की कोशिश भी हुई लेकिन वे तैयार नहीं हुईं। उसके बाद ही उनके परिवार के स्वामित्व वाली सहकारी बैद्यनाथ सुगर फैक्टरी पर जीएसटी का छापा पड़ गया। जीएसटी की केंद्रीय टीम ने उनकी कंपनी के ऊपर 19 करोड़ रुपए का बकाया बताया है। बताया जा रहा है कि छापा मारने के बाद जीएसटी की टीम ने वहां मौजूद करीब 19 करोड़ रुपए का सामान जब्त कर लिया। तभी अब सवाल है कि पंकजा मुंडे अब क्या करेंगी? उनकी एक दिक्कत यह भी है कि भाजपा ने एनसीपी के अजित पवार खेमे को अपने साथ मिला लिया है और उनको हराने वाले धनंजय मुंडे उसी खेमे में हैं।

> “ पिछले तीन-चार महीनों से इन विपक्षी पार्टियों के बीच बातचीत का जो सिलसिला चल रहा है, उससे यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस गठबंधन का प्रारूप क्या होगा? अभी चर्चा तो यही है कि एक सीट पर एक उम्मीदवार को खड़ा किया जाएगा, लेकिन इस मुद्दे पर ठोस चीजें धरातल पर उतरती नजर नहीं आई हैं।

# जिन चुनौतियों से विपक्ष को टकराना है

राहुल वर्मा, फेलो, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे सियासी सरगर्मियां बढ़ती चली जा रही हैं। लोगों के मन में यह सवाल उमड़ रहा है कि चुनावी मैदान में कैसी बिसात बिछेगी, किन मुद्दों के पासे फेंके जाएंगे, कहां, किसमें और किसका पलड़ा भारी रहेगा? फिलहाल, यह तो तय हो गया है कि 2024 का आम चुनाव दो राष्ट्रीय महागठबंधनों के बीच होगा। एक तरफ, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है, जिसकी रूपरेखा और एजेंडा लगभग तय है, तो दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन है, जिसे 'इंडिया' कहा जा रहा है, परंतु क्या इंडिया का स्वरूप यही रहेगा या आने वाले दिनों में बदल जाएगा, यह देखने वाली बात है।

पिछले तीन-चार महीनों से इन विपक्षी पार्टियों के बीच बातचीत का जो सिलसिला चल रहा है, उससे यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस गठबंधन का प्रारूप क्या होगा? अभी चर्चा तो यही है कि एक सीट पर एक उम्मीदवार को खड़ा किया जाएगा, लेकिन इस मुद्दे पर ठोस चीजें धरातल पर उतरती नजर नहीं आई हैं। दूसरी ओर, पिछले एक महीने में कई ऐसी भी चीजें हुई हैं, जिनसे कई लोगों में यह आशंका प्रबल हो गई है कि कहीं चुनाव आते-आते इसमें दरार न पड़ जाए। जिन मुसीबतों से यह गठबंधन जूझ रहा है, उसे हम तीन भागों में बांटकर देख सकते हैं।

पहला पहलू तो यही है कि कौन-कौन सी पार्टियां इस गठबंधन के साथ अंत तक रहेंगी? गत दिनों में कई जगह इस गठबंधन की पार्टियों में अंदरूनी टूट हुई है या उसकी आशंका दिखी है। इसका बड़ा उदाहरण महाराष्ट्र में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का विभाजन है। फिर इसके घटक दलों के बीच लगातार आपस में कहा-सुनी भी हो रही है। लोग देख रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल में किस तरह से तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी पर तंज कसते रहते हैं, तो तृणमूल कांग्रेस और सीपीएम के बीच भी तनातनी बनी रहती है।



दूसरा पहलू यह भी है कि ऐसी कुछ पार्टियां हैं, जो इस विपक्षी महागठबंधन का हिस्सा होना चाहती थीं या जिन्हें इसका हिस्सा होना चाहिए, पर ये अपनी-अपनी वजहों से साथ नहीं आ पाई हैं। बहुजन समाज पार्टी विपक्षी गठबंधन की किसी बैठक में नहीं गई है, इसी तरह से असम, आंध्र प्रदेश आदि की कुछ ऐसी पार्टियां हैं, जो विपक्षी गठबंधन को मजबूत कर सकती थीं। क्या विपक्ष के नेता इस पर ध्यान दे रहे हैं?

तीसरा, विपक्षी गठबंधन में वैचारिक सहमति भी नहीं बन पाई है, जातिगत गणना और सनातन ऐसे ही कुछ मुद्दे हैं। सनातन के मामले में द्रमुक विपक्षी गठबंधन की समस्या को लगातार बढ़ा रहा है। द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन व अन्य नेताओं ने सनातन पर लगातार बयानबाजी की है, तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता कमलनाथ ने हिंदू राष्ट्र के अनुकूल एक अलग राग छेड़ा है। कांग्रेस की ओर से भी यह कोशिश यदा-कदा दिखती ही है कि उसे भी सनातन या हिंदू धर्म के मुद्दों के लिए खड़ी होने वाली पार्टी के रूप में देखा जाए।

समग्रता में देखें, तो अभी यह पता नहीं चल रहा है कि इंडिया के नेता किस मुद्दे पर क्या कहेंगे, किस बात पर टिके रहेंगे? नेतृत्व किस नेता के हाथों में होगा, यह भी अभी तय नहीं है और शायद यह फैसला जल्दी करना गठबंधन को मुश्किल में डाल सकता है। फिर भी विपक्षी गठबंधन को सोचना होगा कि जहां भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ रही है, वहां उसका नेतृत्व कौन करेगा? अभी शायद इस बात पर भी सहमति नहीं है कि 2024 के आम चुनाव में विपक्षी गठबंधन मोदी पर कितना हमलावर होने जा रहा है।

एक बड़ी समस्या सीटों के बंटवारे को लेकर भी दिख रही है। इसका मान्य फॉर्मूला क्या होगा? इंडिया को आने वाले दिनों में जल्द फैसला करना होगा। अपनी योजनाओं व मकसद का एक ब्लूप्रिंट बनाना पड़ेगा, ताकि उसमें नीतिगत या रणनीतिगत दृढ़ता आ सके। आगे का एजेंडा अगर विपक्षी गठबंधन पहले तय कर ले, तो उसके घटक दलों और नेताओं में किसी प्रकार का भ्रम नहीं रहेगा और इससे सीटों के बंटवारे में भी ज्यादा परेशानी नहीं आएगी। गौरतलब है, अभी विधानसभा के चुनाव होने हैं। मुख्य रूप से चार राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में लड़ाई होनी है। परिणामों का पता तो दिसंबर में चलेगा, पर उसके बाद विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस और राहुल गांधी की क्या भूमिका होगी, यह भी देखना होगा, क्योंकि जैसे ही दिसंबर में विधानसभा चुनाव पूरे होंगे, वैसे ही लोकसभा चुनाव की घोषणा सिर पर होगी।

विपक्षी गठबंधन को ध्यान रखना होगा कि उनका मुकाबला एक संगठित पार्टी से है। सत्तारूढ़ गठबंधन के विचार को आप सही मानें या गलत मानें, उसकी विचारधारा में तुलनात्मक रूप से ज्यादा स्पष्टता है। सत्तारूढ़ गठबंधन को पता है कि उसका नेता कौन है और किसके फैसले पर आगे बढ़ना है। उसके नेता की अपनी लोकप्रियता है, उसके मुकाबले का कोई नेता विपक्षी गठबंधन में अभी उभरा नहीं है। फिर इंडिया को यह भी ध्यान रखना होगा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास गिनाने के लिए मुद्दे हैं, चाहे वे लोक-कल्याणकारी योजनाएं हों या विदेश नीति संबंधी कोई कामयाबी। सत्तारूढ़ गठबंधन परिवारवाद की राजनीति और भ्रष्टाचार पर भी हमला करने वाला है।

पहले यह लग रहा था कि विपक्ष एकजुट नहीं होगा, लेकिन कई दलों के साथ आ जाने से भाजपा के लिए भी चुनौती बढ़ गई है। कई जगह सरकार विरोधी लहर, कनार्टक में कांग्रेस की जीत, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कांग्रेस की मजबूत पकड़ और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों का उत्साह भी विपक्ष की ताकत बना है। विपक्षी गठबंधन की बुनियाद में एक व्यापक सामाजिक गठजोड़ भी है, जो कई राज्यों में कड़े मुकाबले की स्थिति में है। ऐसे में, चिंता भाजपा में भी है। हमने मध्य प्रदेश में देखा है, भाजपा अपने आला नेताओं व केंद्रीय मंत्रियों को भी उतार रही है।

दरअसल, भाजपा केंद्रीय स्तर पर बहुत मजबूत है और इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। आज भारतीय राजनीति में विपक्ष एक बहुत संगठित पार्टी के सामने खड़ा है और इसके लिए उसे दो-तीन मुद्दों को जल्दी सुलझाना होगा कि जैसे विचार, नेतृत्व और टीम संबंधी अड़चनों को जल्दी दूर करना होगा। विपक्षी गठबंधन अपने विवादों को जितनी जल्दी सुलझा ले, उसके लिए उतना ही अच्छा होगा। भाजपा से अगर मजबूती से लड़ना है, तो ऐसा करना ही होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# दबाव-तनाव के दौर में अपने दिल का रखिए पूरा ध्यान

पुरुषोत्तम लाल, प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ

आज के समय में हृदय का खास ख्याल रखना जरूरी है, क्योंकि हृदय संबंधी रोगों में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। आधुनिक दिनचर्या में अनियमित आहार, बढ़ता तनाव, अधिक देर बैठकर काम और शारीरिक गतिविधियों से अपेक्षाकृत दूरी दिल की सेहत प्रभावित कर रही है। इसके अलावा, आयु बढ़ने के साथ भी हृदय संबंधी रोगों का जोखिम बढ़ता है और बढ़ता वायु प्रदूषण भी इसका एक अहम कारक है। दिक्कत यह है कि चिकित्सा सेवाओं और जागरूकता की कमी के कारण यह समस्या गंभीर हो रही है। हम आए दिन देख भी रहे हैं कि कैसे कोई नौजवान कभी नाचते हुए, तो कभी व्यायाम करते हुए अचानक हार्ट अटैक का शिकार हो जाता है। पिछले दिनों में कई युवा सेलिब्रिटी भी इसके शिकार हुए।

हाल के दिनों में कोरोना वायरस से संक्रमित होने वाले कई लोगों में असमय हृदय रोगों के लक्षण दिखाई दिए हैं। इसका प्रमुख कारण है कि कोरोना संक्रमण शरीर की इंफ्लेमेटरी प्रतिक्रिया को तेज कर देता है, जिससे दिल के लिए जोखिम बढ़ जाता है। हृदय विशेषज्ञ यही मानते हैं कि कोरोना संक्रमण के बाद हृदय संबंधी चिंताजनक प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं, जैसे, दिल का दर्द, धड़कन में अनियमितता व अन्य हृदय समस्याएं। ऐसे में, उचित देखभाल और नियंत्रित जीवनशैली का पालन काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे रोगी, जो कोरोना संक्रमण से गुजरे हैं, उन्हें नियमित तौर पर डॉक्टर की सलाह व निरीक्षण के लिए जाना चाहिए, ताकि उनके हृदय की सेहत सटीकता से मापी जा सके और चिंताजनक स्थिति से समय रहते बचा जा सके।



यह स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है, इसका अंदाजा हम उन वीडियो से लगा सकते हैं, जिनमें कोई युवा डांस करते या जिम करते अचानक निढाल हो जाता है और दम तोड़ देता है। ऐसी मौतों के पीछे कई कारण हो सकते हैं। मसलन, फिटनेस क्रेज के कारण किया जाने वाला अनियमित व्यायाम। बढ़ता तनाव भी नौजवानों के दिल को अतिरिक्त सक्रिय कर देता है, जिससे हृदयाघात का जोखिम बढ़ सकता है। कुछ नौजवानों में डायबिटीज, उच्च रक्तचाप जैसी कई स्वास्थ्यगत समस्याएं पहले से होती हैं, जिनसे उनके हृदय पर दबाव पड़ सकता है। पर्याप्त पानी न पीना और नियमित चेकअप से दूरी भी हार्ट अटैक के मामलों के बढ़ने की वजहें हैं। ऐसी मौतों का कोरोना वायरस से कोई सीधा संबंध नहीं है, पर कोरोना से यदि पूर्वग्रसित रोग अथवा तनाव बढ़ता है, तो दिक्कत हो सकती है। इसलिए, ऐसे लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सचेत रहना चाहिए और तमाम सुरक्षा उपायों का पालन करना चाहिए।

पहले हृदय संबंधी रोग उम्र बढ़ने के बाद दिखाई देते थे, लेकिन आजकल किशोरों-नौजवानों में भी यह समस्या बढ़ रही है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। अधिक तैलीय और इंफ्लमैशन बढ़ाने वाले पदार्थों का सेवन, कम शारीरिक गतिविधियां, धूम्रपान और शराब का सेवन, परिवार में हृदय रोगों का इतिहास, अनियमित जीवनशैली आदि हृदय-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। सवाल उठता है कि हम अपने दिल को कैसे सुरक्षित रखें? इसके लिए जरूरी है कि स्वस्थ व संतुलित आहार पर पर्याप्त ध्यान दिया जाए। भोजन में फल, सब्जियां, पूरे अनाज, फाइबर से भरपूर आहार और कम वसा वाले खाद्य पदार्थ शामिल करें। अधिक तेल, चीनी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचना जरूरी है। कम से कम 30 मिनट का नियमित व्यायाम, योग, ध्यान जैसे उपायों से तनाव का प्रबंधन, नियमित स्वास्थ्य जांच, नियंत्रित वजन आदि भी दिल की सेहत ठीक रखने में मददगार हैं।

आज हृदय की सेहत के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों की खास जरूरत है। इनमें हृदय-स्वास्थ्य के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को भी साझा किया जाना चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों और कामकाजी जगहों पर हृदय-स्वास्थ्य के बारे में बताना फायदेमंद होगा। हमें अपने हृदय की सेहत का पूरा ध्यान रखना होगा और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी देखभाल करनी होगी। चूंकि यह अंग हमारे जीवन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए हमें इसे सुरक्षित रखने के लिए सजग बनना होगा। विश्व स्वास्थ्य दिवस का यही संदेश हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सांसदों को विधायकी लड़ाने पर सवाल

अजीत द्विवेदी

पहले भी ऐसा होता था लेकिन वह अपवाद था कि सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जाए। अब भारतीय जनता पार्टी ने इस अपवाद को नियम बना दिया है। वह सभी राज्यों में सांसदों को विधानसभा के चुनाव लड़ाती है। यहां तक कि केंद्रीय मंत्री भी विधानसभा का चुनाव लड़ते हैं। अभी मध्य प्रदेश में भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों- नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते को चुनाव मैदान में उतारा है। हैरानी नहीं होगी अगर चौथे मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी चुनाव में उतारा जाए। इससे पहले त्रिपुरा में केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक को चुनाव लड़ाया गया था। उससे भी पहले 2021 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक और बाबुल सुप्रियो को चुनाव लड़ाया था। हालांकि बाबुल सुप्रियो चुनाव हार गए थे।

अब कहा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में भी कुछ केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़ाएगी। केंद्र जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल दोनों के नाम की चर्चा है। तेलंगाना में भाजपा के चार सांसद हैं, जिनमें से एक जी किशन रेड्डी केंद्र सरकार में मंत्री हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा ने केंद्रीय मंत्री सहित अपने चारों सांसदों को तेलंगाना विधानसभा का चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। खबरों के मुताबिक मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के परिवार के सदस्य, जहां से चुनाव लड़ेंगे वहां भाजपा अपने सांसदों को मैदान में उतारेगी।



पहले भी पार्टियां विधानसभा चुनाव में अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए बड़े चेहरों को मैदान में उतारती थी। इसलिए कई बार सांसदों को भी चुनाव लड़ाया जाता था। लेकिन यह काम तब होता था जब पार्टियों के पास कोई करिश्माई नेतृत्व नहीं होता था या जब पार्टी मुश्किल मुकाबले में फंसी होती थी। तभी हैरानी है कि भाजपा के पास नरेंद्र मोदी का चेहरा है और पार्टी मान रही है कि कहीं भी उसकी लड़ाई नहीं है, वह आराम से चुनाव जीत रही है तब भी इतनी बड़ी संख्या में सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़ा रही है। बहरहाल, सांसदों या केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा का चुनाव लड़ाने को लेकर कुछ नैतिक व राजनीतिक सवाल हैं, जिनका जवाब पार्टियों को देना चाहिए।

पहले तो सांसदों के विधानसभा का चुनाव लड़ना ही सवाल खड़े करता है। एक सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र की पांच या छह विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करता है। उसको एक विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाने की क्या तुक है? क्या इससे पक्षपात की संभावना नहीं बनती है? यह हो सकता है कि सांसदों को अंदाजा हो कि उनको विधानसभा का चुनाव लड़ना पड़ सकता है तो वे पहले से ही किसी खास विधानसभा क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देते हों। यह भी हो सकता है कि अगर चुनाव लड़ रहा सांसद विधानसभा का चुनाव हार जाए तो बतौर सांसद वह उस क्षेत्र की जनता से बदला लेने के लिए उस विधानसभा क्षेत्र में काम न कराए या अपनी निधि का पैसा वहां खर्च न करें? इस तरह यह एक तरह के पक्षपात की संभावना को जन्म देता है। पांच या छह सीटों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी सांसद को विधानसभा का चुनाव लड़ाने से यह मैसेज तो बनता है कि पार्टी ने बड़ा चेहरा उतारा है लेकिन इससे उस सांसद का कद छोटा होता है।

दूसरा सवाल राजनीतिक नैतिकता को लेकर है। अगर कोई सांसद विधानसभा का चुनाव जीत जाता है तो इसका मतलब है कि किसी एक सीट पर निश्चित रूप से उपचुनाव होगा। क्योंकि या तो वह लोकसभा की सीट छोड़ेगा या विधानसभा का। यह सिर्फ अभी के चुनाव की बात नहीं है। अभी लोकसभा का कार्यकाल बहुत कम बचा हुआ है इसलिए हो सकता है कि विधायक बनने के बाद कोई सांसद इस्तीफा दे तो उपचुनाव नहीं कराया जाए। लेकिन आमतौर पर अगर कोई नेता लोकसभा और विधानसभा दोनों सीटों पर जीता हुआ होता है तो वह एक सीट से इस्तीफा देता है और वहां उपचुनाव होता है। जैसा कि पश्चिम बंगाल में निशीथ प्रमाणिक और जगन्नाथ सरकार की सीट पर हुआ या त्रिपुरा में प्रतिमा भौमिक की सीट पर हुआ। इस तरह के उप चुनाव के लिए आचार संहिता लगती है, केंद्रीय बलों की तैनाती होती है, बड़े नेता कामकाज छोड़ कर प्रचार करते हैं और चुनाव आयोग का बेवजह खर्च बढ़ता है।

सोचें, एक तरफ पूरे देश में एक चुनाव के लिए विधानसभा और लोकसभा का कार्यकाल फिक्स्ड करने पर विचार हो रहा है तो दूसरी ओर सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है! केंद्र सरकार ने एक देश, एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में आठ सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। सबको अंदाजा है कि एक देश, एक चुनाव का कोई भी सिद्धांत तभी कामयाब हो सकता है, जब लोकसभा और विधानसभा का कार्यकाल फिक्स्ड किया जाए। यानी तय कर दिया जाए कि पांच साल के भीतर किसी हाल में लोकसभा और विधानसभा भंग नहीं होगी ताकि सरकार गिरने पर मध्यावधि चुनाव न कराना पड़े। ऐसा एक कानून ब्रिटेन की संसद ने पास किया था लेकिन 2017 में उसे बदल दिया गया। बहरहाल, एक तरफ फिक्स्ड कार्यकाल की बात हो रही है तो दूसरी ओर लोकसभा के सांसदों को विधानसभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है! यह तो सीधे सीधे उपचुनाव की संभावना पैदा करने वाला कदम है!

आखिर में एक बड़ा सवाल केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़ाने पर है। अगर कोई केंद्रीय मंत्री विधानसभा का चुनाव लड़ता है तो यह प्राकृतिक न्याय के विरूद्ध होता है। इससे चुनाव का मैदान बराबरी का मैदान नहीं रह जाता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### हाथी आने पर अब फोन कॉल और एसएमएस से लोगों को मिलेगी सूचना

**गरियाबंद।** जल्द ही गरियाबंद वनमण्डल क्षेत्र के लोगो को उनके आस पास हाथी आने की सूचना मोबाईल कॉल एवं एस.एम.एस. से मिलने लगेगी।वन विभाग ने इसके लिये बकायदा दो एप तैयार करवाये है। जिसके संचालन के लिये वन अधिकारी,कर्मचारियों को विगत दिवस एक वृहद कार्यशाला रखते हुये प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे एनीमल ट्रेकिंग सी.जी.एप्लीकेशन एवं ओडीके.कलेक्ट एप्लीकेशन में ग्रामीणों का रजिस्ट्रेशन करना है, और कैसे हाथी की जानकारी मिलने पर या दिखाई देने पर उसकी विस्तृत जानकारी ऐप मे डालना है। ताकि लोगो को हाथी क्षेत्र में आने की सूचना जल्द से जल्द मिल सके और लोगो और हाथी को एक दूसरे से दूर रखा जा सके। हाथी प्रबंधन हेतु वनमण्डल स्तरीय कार्यशाला के अवसर पर उप वनमण्डलाधिकारी मनोज चन्द्राकर ने कहा की जल्द से जल्द सभी हाथी के संभावित प्रभावित स्थानों के लोगो का रजिस्ट्रेशन इसमे प्रारंभ करें। गांव के हर जागरूक नागरिक के साथ संरपच,सचिव,पंच,कोटवार,ग्राम पटेल,आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोगो के नम्बर का रजिस्ट्रेशन करें ताकि हाथी दिखाई देने पर उन्हें आटोमेटेड कॉल तथा एस.एम.एस जा सके।उन्होने सभी वन कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि हाथी की सूचना मिलने के बाद पुष्टीकरण होने पर ओ.डी. के.कलेक्ट एप्लीकेशन में हाथी के बारे विस्तृत जानकारी भरे।दल का नाम,संख्या,हाथी दिखा या फिर अन्य प्रमाण मिले,दिखाई देने पर हाथी की स्थिति कैसी थी, कोई नुकसान किया या नही समेत सभी जानकारी एप में डालकर दुबारा पढ़कर चेक करने के बाद ही सबमिट करें। चंद्राकर ने बताया कि एप में जानकारी सबमिट करने के बाद 15 मिनट के भीतर हाथी वाले स्थान के 0 से 20 कि.मी. के दायरे में आने वाले सभी रजिर्स्टड लोगो को उनके फोन पर कॉल एवं एसएमएस के माध्यम से सूचना जायेगी। साथ ही लोगों को जंगल से दूर रहने की समझाईश दी जायेगी। उन्होने वन कर्मचारियों से कहा की अभी फिलहाल मैसेज तथा फोन कॉल के अलावा पुराने परम्परागत मुनादी आदि के तरिको पर भी कार्य जारी रहेगा।प्रशिक्षण में गरियाबंद वनमण्डल के बलराम सेन तथा उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व एरिया के लालबहादुर भिलेपारिया ने पावर पाईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी वन कर्मचारियों को एप्लीकेशन के रजिस्ट्रेशन एवं संचालन की विस्तृत जानकारी देते हुये सभी तरीके सिखाये।

### कबाड़ से जुगाड़ विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य बाबूलाल राजवाड़े, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल, बीआरपी सुदर्शन राजवाडे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बाबूलाल राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में कबाड़ से जुगाड़ के सभी मॉडलों की प्रशंसा की और छात्रों को शिक्षित व चरित्रवान बनने की प्रेरणा दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये चन्द्रयान जैसे खोज में उनकी सहभागिता के लिए प्रेरित किया। बीआरसी मनोज कुमार मंडल के द्वारा अपने उद्बोधन में कबाड़ से जुगाड़ के शैक्षणिक मॉडलों की प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा की प्रशंसा करते हुए इसकी उपयोगिता अध्ययन अध्यापन एवं कक्षा के विषय वस्तु के रूप में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

### कृषक सह श्रमिक सम्मेलन

# गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही: मल्लिकार्जुन खड़गे

## किसानों, पशुपालकों की सुविधा के लिए समय से पूर्व ही कर रहे न्याय योजनाओं की राशि का अंतरण: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। न्याय योजनाओं के चलते बीते पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। सवा दो लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का भरपूर लाभ आम जनता को मिल रहा है। यह बात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सुमाभाठा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन के अवसर पर कही। सम्मेलन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री खड़गे और मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्रमिकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ भी किया।




इस योजना में दस साल तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माणी श्रमिकों को जीवन पर्यंत प्रति माह 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 1895 करोड़ रुपए अंतरित किए। साथ ही गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि और 33 हजार 642 गन्ना उत्पादक किसानों को 57 करोड़ 18 लाख रुपए प्रोत्साहक राशि भी उनके खाते में डाली गई है। सम्मेलन में 1 लाख 2 हजार 889 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 55 करोड़ 76 लाख 26 हजार रुपए राशि का वितरण किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा मंडल के 2881 हितग्राहियों को 3 करोड़ 86 लाख रुपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के 3236 हितग्राहियों को 1 करोड़ 65 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के 96 हजार 772 हितग्राहियों को 50 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलेवासियों को 266 करोड़ रूपए की लागत के 264 विकास कार्यों की सौगात दी गई।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 28 सितंबर को जारी की गई है। चूंकि आचार संहिता लगने के पश्चात निर्वाचन आयोग से इसके लिए अनुमति लेनी होती इसमें विलम्ब की आशंका के चलते आज ही इसका भुगतान कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 73 लाख लोगों को राशन से सुनिश्चित कराया है। युवाओं को 147 करोड़ बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर में 7 लाख आवासों के लिए हितग्राहियों की पहली किश्त 25-25 हजार डालने का काम किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में हम प्रदेशभर में घूमे और सभी की मांग रही कि आवास चाहिए, इसके बाद हमने आर्थिक सर्वेक्षण का निर्णय लिया और इस आधार पर सभी आवास दे रहे हैं। हमने किसानों के हित में निर्णय लिया कि धान 15 से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए हमने विभिन्न विभागों में 42 हजार से ज्यादा पदों की भर्ती निकाली।

महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की हमारी परंपरा- सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री खड़गे ने स्वर्गीय मिनी माता को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में छत्तीसगढ़ से चुने गये पार्लियामेंट के प्रतिनिधियों में मिनी माता भी शामिल थीं। महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की हमारी परंपरा रही है। देश में इंदिरा गांधी पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। प्रतिभा पाटिल देश की राष्ट्रपति चुनी गईं। हमारा मत है कि महिला आरक्षण को इसी वक्त लागू करना चाहिए। जातिगत जनगणना होनी चाहिए, इससे सभी वर्गों की स्पष्ट स्थिति की जानकारी होगी। पिछड़े वर्गों के आर्थिक स्थिति की जानकारी होगी और इसके मुताबिक योजनाएं बनाई जा सकती हैं जो प्रभावी होगी।

डॉ. स्वामीनाथन को दी श्रद्धांजलि - मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम के दौरान देश में ग्रीन रिवोल्यूशन लेकर आने वाले डॉ. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से दो मिनट मौन रखने का अनुरोध किया। डॉ. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देते हुए श्री खड़गे ने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन ग्रीन रिवोल्यूशन लेकर आये। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का उन्होंने मुझे मेंबर बनाया था। स्वामीनाथन जी रिसर्च स्टेशन के प्रमुख थे। हिंदुस्तान में ही नहीं, पूरी दुनिया में उनका नाम हुआ। वे भारत में फादर आफ ग्रीन रिवोल्यूशन थे। उनकी प्रशंसा इंदिरा जी ने भी की। राजीव जी ने भी की। राज्यसभा में सांसद रहे। देश के किसानों के लिए उन्होंने बड़ा योगदान दिया।

गुरु घासीदास ने सिखाया सत्य पर चलने का मार्ग - श्री खड़गे ने गुरु घासीदास का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मनखे, मनखे एक समान का मंत्र देकर गुरु घासीदास ने पूरे समाज को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने सत्य पर चलने का मार्ग दिखाया।

सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव द्वय चंद्रदेव राय एवं सुश्री शकुंतला साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक और श्रमिक उपस्थित थे।

# ग्राम बोरिद में कृषि सूचना केन्द्र का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर में चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) अन्तर्गत फिंगेश्वर तहसील के ग्राम बोरिद में कृषि सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अन्तर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय में चतुर्थ वर्ष पाठ्यक्रम में ग्रामीण कृषि कार्यानुभव ( रावे ) होता है, जिसके अन्तर्गत चयनित ग्राम में चिन्हित कृषको के साथ मिलकर कृषि कार्य से परिचित होते है। साथ ही कृषि के सैद्धांतिक तकनीक को कृषको से साझा करते है ।

इसी तारतम्य में छात्रों द्वारा कृषि सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। रावे कायक्रम के समन्वयक ने बताया कि कृषि सूचना केन्द्र में ग्राम के कृषको को फसल उत्पादन, कीट व्याधि प्रबंधन, पशु प्रबंधन के विषय में आगामी लगभग 30 दिनो तक केन्द्र में जानकारी देगें। कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री माखन लाल ध्रुव, सरपंच ग्राम बोरीद, श्री महेश सोनी, उप सरपंच एवं पंचगणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के वक्तव्य में सहा. प्रध्यापक ने कृषको को परम्परागत कृषि तकनीक से नई तकनीक के समावेश के लिए प्रोत्साहित किया। नये किश्मों के साथ नये तकनीक से लाभ के विषय में भी कृषको को जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच ने छात्रों को उत्साहित करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे विभिन्न तकनीको कार्यों की प्रशंसा की। और हर्ष से बताया कि छात्र निरंतर कृषको के प्रक्षेत्र में पहुंच कर तकनीकी ज्ञान साझा कर रहे हैं। कार्यक्रम में डा. नीता मिश्रा सहा. प्रध्यापक द्वारा पशुओं में व्याप्त खुरहा-चपका बीमारी हेतु जानकारी साझा कर टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पशुओं को वर्तमान कृषि के लिए अत्यावश्यक बताया।

# आरक्षण बिल को राजभवन में रोकना छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा - दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** चुनाव में आरक्षण बिल सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बतायें आरक्षण संशोधन विधेयक पर राज्यपाल हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहे है? आरक्षण विधेयक को भाजपा ने राजभवन में रोकवा कर रखा हुआ है। यह भाजपा का गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी, पिछड़ा वर्ग विरोधी, अनुसूचित जाति विरोधी कदम है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के सभी वर्ग के लोगो के हितों में ध्यान रख कर आरक्षण विधेयक बनाया है और सभी जाति वर्ग की उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। कांग्रेस की सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लोगों को आरक्षण देने का श्रेय न मिले इसी राजनैतिक विद्वेष के कारण भारतीय जनता पार्टी राज्यपाल से हस्ताक्षर नहीं होने दे रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि जो आरक्षण विधेयक राजभवन में अटका हुआ है उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार अमित शाह हैं। राज्यपाल, केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में ही काम करते हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे दुर्भावनावश इसलिए रोक कर रखा है ताकि आरक्षण का लाभ प्रदेश की जनता को ना मिल सके और राजनैतिक लाभ भूपेश सरकार को ना मिल सके। भाजपा को यह डर सता रहा है कि यदि भूपेश सरकार में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया तो ओबीसी, एसटी, एससी और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण का अधिकार मिल जाएगा और उसके बाद भाजपा चुनाव में 14 सीट बचाने की स्थिति में भी नहीं रहेगी। विधानसभा में सर्वसम्मति से पास हो चुके आरक्षण विधेयक को राजभवन में निरुद्ध करवाकर शाह छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज का हित बाधित कर रहे है। शाह बिल्कुल भी नहीं चाहते कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं और जनता को उनका अधिकार मिले। भाजपा और शाह छत्तीसगढ़ के युवाओं को उनके अधिकारों से वंचित और दर-दर भटकते देखना चाहते हैं। भाजपा का आरक्षण विरोधी चरित्र कांग्रेस चुनावी मुद्दा बनायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज से बदला लेने के लिये आरक्षण बिल को राजभवन में रोकवा कर रखी है। 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर भाजपा की पराजय हुई थी। आदिवासी समाज ने भाजपा को नकार दिया था इसलिये भाजपा आदिवासी समाज के आरक्षण में बाधा उत्पन्न कर रही है। कांग्रेस सरकार ने आदिवासी समाज सहित सभी समाजों के लिये 76 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पारित करवाया है।

# रमन राज के अत्याचार में ओपी चौधरी थे सहभागी गरीबों के घर दुकानों पर चलाया था बुलडोजर - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने भाजपा प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी के ऑक्सीजोन के नाम पर हटाये गये व्यवस्थापन को लेकर दिये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि असलियत यह है कि 70 दुकानदारों को सड़क पर लाने के लिए ओपी चौधरी ही जिम्मेदार हैं और उन्हें अपने इस कृत्य के लिए दुकानदारों से माफी मांगनी चाहिए।

रमन सरकार के दौरान ओपी चौधरी जब रायपुर कलेक्टर थे उस दौरान अनेको प्राचीन मंदिरों को तोड़ा गया। रमन राज में ही प्राचीन और ऐतिहासिक मरही माता मंदिर, मौली माता मंदिर तोड़े। कमीशनखोरी के लालच में डीएमएफ के पैसों से गलत तरीके से कटोरा तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया, डीएमएफ के पैसों से वातानुकूलित ऑडिटोरियम, ऑक्सीजोन बनाए, दो-दो मंजिल के बिल्डिंग में चार-चार लिफ्ट लगाई अधिकारी के घरों में स्विमिंग पूल बनाए गए। खनन और उद्योग प्रभावित क्षेत्र के गरीब जनता के हक और अधिकार को लूट कर खाएं। भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में 5 साल से कांग्रेस की सरकार है लेकिन वह रायपुर शहर में ऑक्सीजोन के नाम पर हटाए गए 70 दुकानदारों का व्यवस्थापन नहीं कर पाई। असलियत यह है कि रमन सरकार के दौरान अनैतिक कार्यो और प्रशासनिक आतंकवाद में ओपी चौधरी की अग्रणी भूमिका थी। बिना व्यवस्थापन के गरीबों के घर, मकान तोड़े गये, बेदखल किया गया। रोजी-रोटी छीनी गयी। सत्ता में रहने के दौरान किये गये पाप पर माफी मांगने के बजाय अब राजनैतिक लाभ के लिये अनर्गल बयानबाजी कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि ओ.पी. चौधरी जब रायपुर कलेक्टर थे उन्हीं के निर्देश पर दिसंबर 2017 में नगर निगम ने ऑक्सीजोन के नाम पर पंडरी रोड पर बनी उन दुकानों को तोड़ गिराया था। उन दुकानों के हटने के एक साल बाद तक प्रदेश में भाजपा की ही सरकार रही थी। उस सरकार में दो मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं राजेश मूणत रायपुर शहर के ही थे। जिस जगह से दुकानें हटीं वह एरिया रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र का था तब वहां के विधायक भाजपा के ही श्रीचंद सुंदरानी थे। सारे दुकानदार तब के कलेक्टर ओ.पी. चौधरी से लेकर बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत एवं श्रीचंद सुंदरानी के पास गुहार लगाते रहे थे, लेकिन उनमें से एक ने भी उनकी बात नहीं सुनी थी।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### रायपुर नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम के लिए रूट मैप तैयार

**रायपुर (ए)।** रायपुर नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम चल समारोह का मुख्य कार्यक्रम 30 सितंबर को रात्रि में होना प्रस्तावित है। चल समारोह कार्यक्रम के दौरान आयोजको द्वारा आकर्षक झांकियों के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हर्षोल्लास से किया जाता है। चल समारोह को देखने के लिए रायपुर शहर से तथा आस पास के ग्रामीण जन लाखों की संख्या में एकत्रित होते है। 30 सितंबर को संध्या से गणेश प्रतिमाओं व झांकियां शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आकर राठौर चौक में एकत्रित होना प्रारंभ हो जाती है जो राठौर चौक-एमजीरोड-शारदा चौक-जयस्तंभ चौक-मालवीय रोड-चिकनी मंदिर-कोतवाली चौक-सदर बाजार-सद्दाणी चौक ङ्क सत्तीबाजार-कंकाली तालाब- पुरानी बस्ती थाना के सामने से होकर लाखेनगर चौक-सुन्दरनगर,-रायपुरा चौक होकर महादेव घाट, खारून नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।



### मुख्यमंत्री से हरदिया साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में जिला दुर्ग के पाटन हरदिया साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट के बैठक में हरदिया साहू समाज रायपुर और साहू समाज दुर्ग को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा जनकल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं से उन्हें मिल रहे लाभों के बारे में भी बताया। प्रतिनिधिमंडल में पाटन हरदिया साहू समाज के अध्यक्ष मनबोध साहू, उपाध्यक्ष तोरण साहू, महामंत्री शत्रुहन साहू सहित खोरबहरा साहू, लखनलाल साहू और साहू समाज के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** दावड़ा कालोनी टिकरापारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया निर्मला चौधरी 65 वर्ष दावड़ा कालोनी टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 1 लाख 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते महिला से मारपीट

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिठिया में पुरानी रंजिश के चलते चार महिलाओं ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया डाभीन साहू 32 वर्ष ग्राम बिठिया की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपिया कुसुम साहू, मोना साहू व अन्य 2 ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना बड़ी चुनौती, इससे आगे निकले गांव

**रायपुर (ए)। लोकतंत्र के उत्सव में शहरी क्षेत्रों में कम मतदान के आंकड़े चिंता का विषय बना हुआ है। निर्वाचन कार्यालय ने कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता अभियान की शुरूआत कर दी है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने भी कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस चुनाव में मतदान प्रतिशत 80 प्रतिशत करने का लक्ष्य दिया गया है।**


Demo Pic

2018 के विधानसभा चुनाव में राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न विधानसभा में आंकड़ों में काफी फेरबदल देखा गया। राजधानी में 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 60 और 61 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाया। 2018 के चुनाव में रायपुर ग्रामीण में 61, पश्चिम में 60, दक्षिण में 60, उत्तर में 60 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया।

जबकि शहर के 15 किमी. दूर अर्धशहरी क्षेत्र धरसींवा में 78 प्रतिशत मतदान हुआ। कोंडागांव जैसे नक्सल प्रभावित विधानसभा में 83.79 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था, जबकि बिलासपुर में 60 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश में ऐसे कई शहर हैं, जहां मतदान प्रतिशत 60 से 65 प्रतिशत के बीच रहा है।

#### 70 प्रतिशत से कम मतदान में अभियान

केंद्रीय चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के बाद 70 प्रतिशत से कम मतदान क्षेत्र वाले विधानसभा क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गांव से लेकर शहर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाओं की टीम, महिला संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी सहित विभागीय टीम जागरूकता फैला रही है। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### प्रदेश में 76.88 प्रतिशत हुआ था मतदान

2018 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कुल 76.88 प्रतिशत मतदान हुआ था। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र पाटन में ही 83.26 प्रतिशत मतदान हुआ था। पिछले चुनाव में 1.85 करोड़ मतदाताओं में कुल एक करोड़ 42 लाख नौ हजार 497 लोगों ने मतदान किया था। चुनाव में कुल 1063 उम्मीदवार मैदान पर उतरे थे।

#### किया जा रहा है जागरूक

कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। बीएलओ से लेकर निर्वाचन कार्यालय, शासकीय विभाग, एनएसएस व अन्य संगठनों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं, प्रेरणास्पद कार्यक्रमों के जरिए मतदान की महत्ता बताई जा रही है।

**-रीना बाबा साहेब कंगाले,**
**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,**
**निर्वाचन कार्यालय**

#### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अलग योजना

आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इस विधानसभा चुनाव में अलग योजना काम करेगी। ज्यादा सुरक्षा बलों के साथ ही अब बूथों की संख्या भी बढ़ाई गई है। पिछले चुनाव में 23,677 बूथों में चुनाव हुआ था, जबकि अब 24000 से अधिक बूथों पर मतदान होगा। बस्तर, बीजापुर, सुकमा सहित अन्य आदिवासी व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाता को ज्यादा दूर चलकर आने के बजाय कुछ गांवों को मिलाकर नजदीक ही मतदान की सुविधा दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इससे ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने आ सकेंगे। छत्तीसगढ़ की विशेष जनजातियों के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है।

## व्यक्ति, वस्तु व वैभव से प्राप्त सुख अल्पकालिकः ब्रह्माकुमारी दीदी

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन का संस्कृति विभाग, छग सिन्धी अकादमी और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित रूहानी सिन्धी सम्मेलन में बोलते हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी जयन्ती कृपलानी दीदी लन्दन ने कहा कि मनुष्य की इच्छाएं अन्तहीन होती हैं। वह सारी जिन्दगी चाहिए चाहिए करता रहता है। हम सुख को देहधारियों में ढूंढ रहे हैं।



किन्तु वस्तु और वैभव से प्राप्त सुख अल्पकालिक होता है। जब हम स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा से सम्बन्ध जोड़ते हैं तब जीवन में पवित्रता, सुख और शान्ति की प्राप्ति होती है। आत्मा स्वयं को भरपूर अनुभव करती है। उन्होंने आगे कहा कि सुखी रहना है तो अध्यात्म को जीवन में अपनाना होगा। गीता में कहा है कि मन ही अपना मित्र और मन ही शत्रु है। राजयोग से हम मन को अपना दोस्त बना लेते हैं। राजयोग के लिए स्वयं की और परमात्मा की पहचान जरूरी है।

आस्ट्रेलिया में कुछ घोड़े को ट्रेनिंग देने वाले लोग मेडिटेशन सीखने के लिए आए थे। उनसे जब पूछा कि घोड़े को कैसे प्रशिक्षित करते हो तब उन्होने बतलाया कि हम घोड़े को पहले प्यार करके अपना दोस्त बनाते हैं फिर जब वह हमारा कहना मानने लगता है तब उसे प्रशिक्षित करते हैं। उसी प्रकार हमें भी मन को दोस्त बनाना सीखना होगा। मन ठीक रास्ते पर चलेगा तो जीवन में सुख-शान्ति आएगी। उन्होंने कहा कि जैसे अन्धकार के बाद सूर्योदय होता है वैसे अब कलियुग के बाद सतयुग आना ही है किन्तु उसके लिए हमें सत्य की राह पर चलना होगा।

उन्होंने कहा कि सिन्धी समाज की यह विशेषता है कि दुनिया में जहां भी जाते हैं वहां पानी में शक्कर की तरह घुल मिल जाते हैं। ब्रह्माकुमारी संस्थान की शुरूआत सिन्ध हैदराबाद से हुई थी। विभाजन के पश्चात यह संस्था भारत में आ गयी और राजस्थान के माउण्ट आबू में अपना मुख्यालय बनाकर सेवा शुरू की। लन्दन, अमेरिका, कनाडा, हांगकांग आदि अनेक देशों में ब्रह्माकुमारी संस्थान के सेवाकेन्द्र खोलने में सिन्धी समाज का अहम योगदान रहा है।

सम्मेलन को शदाणी दरबार रायपुर के उदय शदाणी, गोदड़ीवाला धाम की महन्त मीरादेवी खूबचन्दानी, छ.ग. सिन्धी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी, छ.ग. पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष श्रीचन्द सुन्दरानी, चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी आदि ने भी सम्बोधित किया। साथ ही अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा ब्रह्माकुमारी जयन्ती दीदी का अभिनन्दन किया गया। उज्जैन सम्भाग की निदेशिका ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने स्वागत भाषण दिया। अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने की। संचालन जयपुर की निदेशिका ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने किया।

## कृत्रिम गर्भाधान योजना से मिल रहा है आर्थिक संबल

**रायपुर (ए)।** हर व्यक्ति का सपना होता है कि वह आर्थिक रूप से सक्षम हो। इस सपना को पूरा करने के लिए वह नए रास्तों की तलाश भी करता रहता है। लेकिन इन रास्तों में आर्थिक दिक्कतें रुकावट पैदा करती हैं। ऐसी स्थिति में शासकीय योजनाएं उसके जीवन में उम्मीदों की किरण बनकर आती है और उसका सपना पूरा करने का जरिया बन जाती है। कुछ ऐसा ही हुआ सुरेश कुमार यादव के साथ। सुरेश कुमार यादव विकासखण्ड महासमुंद के ग्राम बिरबिरा के निवासी है। वे बताते है कि वर्ष 2019-20 में उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी।



वे आय का नया जरिया तलाश करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के संपर्क में आए जिससे उन्हें राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान योजना के बारे में पता चला। जिसके तहत विभाग तथा प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता के द्वारा हितग्राहियों के घर पर जा कर उन्नत नस्ल के सांड के वीर्य के द्वारा पूर्णतः निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है। सुरेश कुमार यादव अपने घर की गाय जो कि बहुत कम दुग्ध उत्पादन करती थी, पशुधन विकास विभाग द्वारा उन्नत नस्ल के साहीवाल सांड के वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान करवाया।

उन्होंने पशुधन विकास विभाग के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी गाय का खान-पान एवं रख-रखाव किया। साथ ही समय-समय पर विभाग द्वारा चलाए गए निःशुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का भी लाभ लिया। कृत्रिम गर्भाधान के द्वारा उन्नत नस्ल की बछिया पैदा हुई। जो वर्ष 2020-21 से दुग्ध देना प्रारम्भ की हैं। यादव ने बताया कि अब लगभग 4.00 लाख रुपए की सालाना आय हो रही है। यादव के घर की महिलाएं भी गाय पालन में रूचि लेकर कार्य कर रही है। पशुधन विकास विभाग के दिशा निर्देश का पालन करते हुए यादव अब और गाय रखकर राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान योजना का फायदा लेते हुए छोटे पैमाने पर डेयरी फार्म स्थापित कर अपना एवं अपने घर की महिलाओं की आर्थिक उन्नयन करने के इच्छुक है। यादव के संकल्प को पूरा करने में छत्तीसगढ़ शासन का पशुधन विकास विभाग पूरा सहयोग दे रहा है।

## लघु वनोपज आधारित आजीविका वृद्धि संबंधी कार्यशाला संपन्न




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वनवासियों को लघु वनोपज का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए शासन द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है। इस तारतम्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में लघु वनोपजों के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण और विपणन आदि व्यवस्था को लेकर अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य लगातार 3 वर्षों से पूरे देश में लघुवनोपज खरीदी में प्रथम स्थान पर है।

इसी तरह राज्य में लघु वनोपज संग्रहण तथा प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा वन धन विकास केंद्र सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा। इसके तहत गत दिवस 27 सितम्बर को संघ मुख्यालय रायपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंध संचालक अनिल राय तथा अपर प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू द्वारा लघु वनोपज संग्राहकों से चर्चा करते हुए संग्रहण के तकनीक तथा महत्व के बारे में अवगत कराया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लघुवनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण तथा विपणन को बढ़ाबा देना है। कार्यशाला में संग्राहकों तथा किसानों जिसमें खासकर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा भी सम्मलित थे। साथ ही महिला समूह के सदस्य, वन धन मित्र, समिति प्रबंधक, उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन तथा वन वृत के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यशाला में विभिन्न वन मंडलों से 120 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे।

## ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को मिली उत्कृष्ट कामयाबी



**रायपुर (ए)।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सरोदा दादर ग्राम को सर्वश्रेष्ठ ग्रामों की सिल्वर कैटेगरी में सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य अपने नयनाभिराम स्थलों, पर्यटन नवाचारों और पर्यटन विकास गतिविधियों के साथ पर्यटकों को उत्तम सेवा प्रदान करने में सक्षम है। ग्रामीण पर्यटन , सस्टेनेबल टूरिज्म एवं रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म की अवधारणा को विकसित करने में छत्तीसगढ़ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता चला आ रहा है। सरोदा दादर को ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है जिसका प्रतिसाद आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को अवश्य मिलेगा। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ पर्यटन की ओर से डॉ.शुभदा चतुर्वेदी, नोडल ऑफिसर, रूरल टूरिज्म तथा मंगल सिंह धुर्वे, सरोधा दादर ग्राम द्वारा ग्रहण किया गया। इस अवसर पर कुमुद मिश्रा एवं सरोदा ग्राम को बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण सहयोगी कृष्णा केवट भी उपस्थित थे।

## आज से पितृपक्ष की शुरूआतः पखवाड़े भर तक पितरों को दिया जाएगा तर्पण

**रायपुर।** आज भादो मास की पूर्णिमा तिथि के साथ ही आज से पितृपक्ष शुरू हो गई है। पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्म, तपर्ण की आज से शुरूआत हो गई है, अब पखवाड़े भर पितरों को याद करते हुए तर्पण दिया जाएगा। वहीं अमावस्या को पितरों को विदाई दी जाएगी।

सनातन धर्मावलंबियों के अनुसार पितृपक्ष के इन 15 दिनों में हमारे पूर्वज धरतीलोक पर आते हैं और हमारे द्वारा दिए गए तर्पण को स्वीकार करते हैं। श्राद्ध के दौरान कुल देवी-देवताओं, पितरों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा प्रकट की जाती है। वर्ष में पंद्रह दिन की विशेष अवधि में श्राद्ध कर्म किए जाते हैं और इसकी शुरूआत आज से ही चुकी है। श्राद्ध पक्ष को पितृपक्ष और महालय के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि श्राद्ध पक्ष के दौरान हमार पूर्वज पृथ्वी पर सूक्ष्म रूप में आते हैं और उनके नाम से किए जाने वाले तर्पण को स्वीकार करते हैं। इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। पितृपक्ष भाद्रपद की पूर्णिमा से शुरू होकर अश्वनी मास की अमावस्या तक चलते हैं। आश्वननी माह के कृष्ण पक्ष को ही पितृपक्ष कहा जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा को उनका श्राद्ध किया जाता है जिनका निधन वर्ष की किसी भी पूर्णिमा को हुआ हो, शास्त्रों में भाद्रपद पूर्णिमा के दिन देह त्यागने वालों का तर्पण आश्वनी अमावस्या को करने की सलाह दी जाती है। वहीं वर्ष के किसी भी पक्ष में जिस तिथि को घर से पूर्व का देहांत हुआ हो उनका श्राद्ध कर्म पितृपक्ष की उसी तिथि को करना चाहिए।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

### शोध में हुआ खुलासा

# दांतों की साफ-सफाई से कम होता है सिर और गर्दन के कैंसर का खतरा



हाल ही में कई देशों के शोधकर्ताओं ने मिलकर एक अध्ययन किया। इसमें पाया गया कि जिन लोगों के दांत अच्छी हालत में रहते हैं, उनमें सिर और गर्दन के कैंसर होने का खतरा काफी कम होता है। खासकर जो लोग नियमित रूप से दंत चिकित्सक के पास जाते हैं, उनके शरीर में कैंसर के लक्षणों को जल्दी पहचाना जा सकता है। इससे उनका इलाज भी जल्दी और असरदार तरीके से हो पाता है। इंटरनेशनल हेड एंड नेक कैंसर एपिडेमियोलॉजी (आईएनएचएएनसीई) कंसोर्टियम द्वारा किया गया इस को अध्ययन नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के जर्नल में प्रकाशित किया गया है।

## जानें क्या कहता शोध

इस अध्ययन में सिर और गर्दन के कैंसर के मरीजों का डेटा इकट्ठा किया गया। इसमें मसूड़ों से खून आने, दांत ब्रश करने की आवृत्ति, माउथवॉश का उपयोग और पिछले 10 वर्षों में दंत चिकित्सक के पास जाने की जानकारी इक्कठ्ठा की। इस अध्ययन में पाया गया कि जिन मरीजों की दांतों की स्वास्थ्य स्थिति अच्छी थी और जो नियमित रूप से दंत चिकित्सक के पास जाते थे, उनका कैंसर होने के बाद भी वह अधिक दिन तक स्वास्थ्य रहें। जिन लोगों ने 10 साल के अंदर 5 से ज्यादा बार दंत चिकित्सक का दौरा किया, उनकी जीने की संभावना बड़ गई थी। जिन्होंने कभी दंतों को डॉक्टर से नहीं दिखाया और अचानक कैंसर का पता चला उनके जीने की संभावना कम थी। गले के पिछले हिस्से के कैंसर जैसे टॉन्सिल और तालू के कैंसर में यह अंतर सबसे ज्यादा देखा गया। यह पाया गया कि जिनके दांत अच्छे थे और 20 से ज्यादा असली दांत थे उनकी भी बचने की संभावना ज्यादा थी।

## क्यों बढ़ रहे हैं कैंसर के मामले

हाल के वर्षों में उपचार होने कर सिर और गर्दन के कैंसर से लोगों का बचाव हो रहा है। लेकिन फिर भी यह दुनिया भर में 6वां सबसे आम कैंसर है।अमेरिका में इसके हर साल लगभग 67,000 नए मामले सामने आते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन है। शराब पीना और एचपीवी वायरस भी इसका खतरा बढ़ाते हैं इस शोध से दांतों और मुंह की सफाई पर ध्यान देने से कैंसर से बचा जा सकता है।

# ऐसा क्यों बोलते हैं पोछा लगाते टाइम पानी में नमक डाल लेना चाहिए? क्या है इसका महत्व



पोछा करते समय हमारे अधिकांश घरों में एक रस्म है कि पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर पोछा लगाया जाता है। परंतु शायद हममें से बहुत कम लोगों को इसके पीछे के कारणों का पता होगा। दरअसल, पानी में नमक मिलाकर पोछा करने के कई लाभ होते हैं। नमक पोछे पर लगे दाग-धब्बों और गंदगी को साफ करने में मदद करता है। नमक फर्श पर रगड़ने से दाग आसानी से निकल जाते हैं। साथ ही, नमक पोछे को डिसइन्फेक्ट भी करता है और बैक्टीरिया व वायरस को खत्म करता है। इससे पोछा साफ लगता है। नमक पोछे के रंग को भी फीका पड़ने से बचाता है। इस प्रकार, पानी में नमक डालकर पोछा करना एक उपयोगी परंपरा है जिसके कई लाभ हैं।

## नमक वाले पानी से पोछा लगाने के कई फायदे होते हैं

- नमक फर्श पर लगे गंदगी और दाग-धब्बों को साफ करने में मदद करता है। नमक रगड़ने से दाग आसानी से उतर जाते हैं।
- नमक फर्श को डिसइन्फेक्ट भी करता है और बैक्टीरिया-वायरस को खत्म कर फर्श को साफ बनाए रखता है।
- नमक से फर्श पर लगने वाली बदबू भी दूर हो जाती है।
- यह फर्श को चमकदार बनाता है।
- नमक के पानी से पोछा लगाने से फर्श पर मौजूद बैक्टीरिया और कीटाणु मर जाते हैं।
- नमक एंटीसेप्टिक गुणों से भरपूर होता है जो मक्खियों को दूर रखता है।
- नमक फर्श की सतह को साफ और चिकना बनाता है।
- नियमित नमक वाले पानी से पोछा लगाने से मक्खी दूर भागती है।
- नमक फर्श की सफाई में मदद करता है और उसे सैनिटाइज भी करता है।
- नमक सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। नमक से पोछा लगाने से घर में सकारात्मकता आती है।
- नमक नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने में मदद करता है। यह घर को नकारात्मक तत्वों से बचाता है।
- यह घर को बुरी नजर और अन्य नकारात्मक प्रभावों से बचाता है।

# स्टार परिवार अवार्ड्स में पहली बार परफॉर्म करेंगी भाविका शर्मा



शो गुम है किसी के प्यार में में सावी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस भाविका शर्मा ने स्टार परिवार अवार्ड्स में परफॉर्म करने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। स्टार प्लस ने स्टार परिवार अवार्ड्स की घोषणा की है। यह पांच साल के अंतराल के बाद वापस आने के लिए तैयार है। भाविका स्टंट करती नजर आएंगी और बॉलीवुड गानों पर डांस करेंगी। इसी के बारे में बात करते हुए भाविका ने कहा, मैं स्टार प्लस फैमिली और स्टार परिवार अवार्ड्स का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह पहली बार है जब मैं स्टार परिवार अवॉर्ड्स में परफॉर्म करूंगी। उन्होंने कहा, पांच साल बाद अवॉर्ड्स वापस आ रहे हैं। मैं इनसे जुड़कर सौभाग्यशाली हूं। 12 घंटे तक शूटिंग करने के बाद मैं रिहर्सल के लिए गयी। बिना कष्ट किये फल नहीं मिलता। इसमें बहुत मेहनत की है। भाविका ने कहा कि वह दर्शकों द्वारा स्टार परिवार अवार्ड्स का जादू देखने का इंतजार नहीं कर सकती। स्टार परिवार अवार्ड्स में रूपाली गांगुली, प्रणाली राठौड़, शक्ति अरोड़ा, भाविका शर्मा, सयाली सालुंखे, विजयेंद्र कुमेरिया, अविनाश मिश्रा, नेहा सोलंकी और कई अन्य कलाकार मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में स्टार प्लस के शो के कलाकारों द्वारा परफॉर्मेंस और एक्ट किए जाएंगे। स्टार परिवार अवार्ड्स 1 अक्टूबर को स्टार प्लस पर प्रसारित होंगा।

# साड़ी के साथ इतना रिवीलिंग ब्लाउज पहन आई दिशा पाटनी



**बोल्ड कपड़े पहनने का दिशा पाटनी एक भी मौका नहीं छोड़ती है। कुछ दिन पहले दिशा नीता अंबानी और मुकेश अंबानी के घर आए बप्पा का आशीर्वाद लेने इतने एक्सपोजिंग कपड़ों में गई थीं कि खूब ट्रोल हुई थीं। अब दिशा ने अपनी इस ट्रोलिंग वाले लुक की फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने साड़ी के साथ रिवीलिंग ब्लाउज पहनकर परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए दिखीं।**

इस फोटो में दिशा पाटनी प्लेन लाइट कलर की साड़ी के साथ हैवी वर्क वाली ब्रालेट पहने दिखीं। ये ब्रालेट इतनी ज्यादा हैवी वर्क वाली और रिवीलिंग है कि उनके लुक को देखकर आप भी शॉक्ड हो जाएंगे। दिशा इस रिवीलिंग ब्रालेट को पहनकर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती दिखीं।

इन तस्वीरों में दिशा पाटनी हैवी वर्क के ब्रालेट के साथ प्लेन कलर की साड़ी पहने नजर आ रही हैं। इस साड़ी को एक्ट्रेस ने इस तरह से बदन पर लपेटा है कि वो उन्हें और भी बोल्ड लुक दे रहा है। दिशा ने फ्रंट साइड से पल्लू को थोड़ा खिसकाकर कैमरे के सामने डीपनेक फ्लॉन्ट किया। एक्ट्रेस की ये फोटोज देखते ही देखते हर तरफ छा गई। वहीं उनकी करीबी दोस्त मौनी रॉय ने कमेंट में लिखा- कितनी सुंदर।

इससे पहले दिशा पाटनी व्हाइट कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहनकर कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाती दिखीं। एक्ट्रेस की ये ड्रेस काफी टाइट और हद से ज्यादा छोटी थी। बावजूद इसके दिशा इस ड्रेस को पहनकर कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक फोटोज खिंचवाने में झिझकी नहीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो आखिरी बार एक विलेन रिटर्न्स में नजर आई थीं। वहीं अब उनके पास दो फिल्में हैं- वेलकम टू जंगल और प्रोजेक्ट के।


# मृणाल ठाकुर की आंख मिचौली का ट्रेलर जारी, 27 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म

**बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म आंख मिचौली को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनके अलावा अभिमन्यु, परेश रावल, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने आंख मिचौली का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है। मृणाल और परेश की जबरदस्त अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।**

फिल्म आंख मिचौली का निर्देशन उमेश शुक्ला द्वारा किया जा रहा है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। आशीष वाघ इसके निर्माता हैं। आंख मिचौली इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। बता दें, कुछ दिन पहले निर्माताओं ने आंख मिचौली का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसमें सभी कलाकार मस्ती भरे अंदाज में नजर आए। आंख मिचौली के बाद मृणाल पूजा मेरी जान में नजर आएंगी।

2 मिनट 48 सेकंड के आंख मिचौली के इस ट्रेलर को देखने के बाद आपको वाकई मजा आने वाला है। मृणाल ठाकूर इस मूवी में पारो का किरदार कर रही है, जिसे शाम होने के बाद दिखाई देना बंद हो जाता है। इसके अलावा परेश रावल, अभिषेक बनर्जी, दिव्या दत्ता, शरमन जोशी और अभिमन्यु दसानी जैसे कलाकार भी इस ट्रेलर में अपनी-अपनी भूमिकाओं के साथ दर्शकों का ध्यान खींचते हुए नजर आ रहे हैं। कॉमेडी का ओवरडोज आंख मिचौली के इस ट्रेलर में आपको भरपूर तरीके से देखने को मिल जाएगा। यही वो वजह से जिसके चलते आंख मिचौली का ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आ रहा है। ढूंढते रह जाओगे, ऑल इज वेल और ओह मॉय गॉड जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन करने वाले डायरेक्टर उमेश शुक्ला ने आंख मिचौली के डायरेक्शन की जिम्मेदारी अपने कंधों पर फिल्मों पर ली है। ट्रेलर सामने आने के बाद हर कोई आंख मिचौली का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# सेल अध्यक्ष ने सेल की 51वीं एजीएम के दौरान कंपनी के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) ने आज लोदी रोड, नई दिल्ली स्थित कंपनी मुख्यालय में अपनी 51वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित की। सेल अध्यक्ष श्री. अमरेंदु प्रकाश ने शेयरधारकों को इस बैठक में वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संबोधित किया। कंपनी के शेयरधारकों को संबोधित करते हुए, सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने भविष्य के बारे में बताते हुए कहा कि वे कंपनी के बारे में बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं ।**




उन्होंने कहा कि सेल की अंतर्निहित ताकत और हाल के दिनों में कंपनी के मुख्य क्षेत्रों पर काम करने के प्रयास ऐसे कारक हैं जिन्होंने उन्हें आशावाद और विश्वास दिया है कि सेल इस्पात उद्योग की अनिश्चितता और अस्थिरता का सामना कर सकता है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन को संक्षेप में बताते हुए उन्होंने जानकारी दी कि सेल ने 19.4 मिलियन टन (एमटी) हॉट मेटल और 18.3 एमटी क्रूड स्टील का उत्पादन करके रिकॉर्ड वार्षिक उत्पादन हासिल किया ।

साथ ही कंपनी के सभी एकीकृत स्टील प्लांटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ उत्पादन भी हासिल किया जिसके कारणवश 94त्न क्रूड स्टील क्षमता उपयोग हुआ, जो अब तक का सबसे अच्छा क्रूड स्टील क्षमता उपयोग है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सेल ने लगातार दूसरे वर्ष 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार पार किया। उन्होंने कहा कि बाजार में अस्थिरता से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने में मदद, परिचालन प्रथाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने और प्रोडक्ट मिक्स को ऑप्टिमाइज़ करने के लिए ग्राहकों की मांग को री-अलाइन करने से मिली।

क्षमता का अधिकतम उपयोग करना और सेल के ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करना - कंपनी के इन दो फोकस क्षेत्रों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए रणनीतिक हस्तक्षेप आवश्यक है जिसमे उत्पादन में तेजी लाने, कच्चे माल को सुरक्षित करने, इनपुट की गुणवत्ता में सुधार करने, संसाधन जुटाने में दीर्घावधि में व्यावसायिक जोखिमों को कम करने, ग्राहक अनुभव बेहतर करने, डीकार्बोनाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स पर ध्यान केंद्रित करना आदि शामिल है । सेल अध्यक्ष के संबोधन में सेल के सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स, उत्पाद विकास, डिजिटल हस्तक्षेप, भविष्य की योजनाएं और कंपनी द्वारा अपनाई गई नैतिक व्यावसायिक प्रथाएं भी शामिल थीं।

भारतीय इस्पात उद्योग की विकास संभावनाओं पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों से सेल पूरी तरह से अवगत है और कंपनी अपने प्रतिस्पर्धात्मक लाभ (कॉम्पिटिटिव एडवांटेज) को मजबूत करने और अपने हितधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

# 546 मरीज डेंगू को मात देकर हुए पूरी तरह स्वस्थ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** डेंगू के मरीजों को लेकर एक अच्छी खबर है। अब तक मिले 693 मरीजों में से 546 लोग डेंगू को मात देकर पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। वहीं 145 लोगों का इलाज जारी है, जिनमें से अधिकांश लोग घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। स्वास्थ्य विभाग से डॉ.भानु पटेल ने बताया कि डॉक्टरों की टीम इन मरीजों पर लगातार नजर बनाए हुए है। इनमें से कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। इसके साथ ही डेंगू के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए भी कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मार्गदर्शन में नगर निगम और स्वास्थ्य का अमला लगातार कार्यरत है। सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। जन-जागरूकता अभियान के कारण डेंगू लार्वा को नष्ट करने में मदद मिल रही है।

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक व विशेषज्ञ डॉ.पी के गुप्ता कहते हैं कि डेंगू फीवर में मरीजों का प्लेटलेट काउंट कम हो जाता है। किंतु कुछ मामलों में ही गंभीर रूप से कम होता है, जिनमें प्लेटलेट चढ़ाने की जरूरत होती है। ऐसा डेंगू के कुछ प्रतिशत मामलों में ही होता है। अधिकतर मरीज सही इलाज से बिना प्लेटलेट चढ़ा, रिकवर कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि प्लेटलेट काउंट 20 हजार से कम होने पर मरीज को प्लेटलेट चढ़ाना होता है। डेंगू में प्लेटलेट का काउंट कम होता है। किंतु मरीज को गंभीरता के लिए सिर्फ प्लेटलेट ही पैमाना नहीं है। डॉक्टर प्लेटलेट के साथ मरीज के लक्षण देख कर निर्णय लेते हैं कि प्लेटलेट कब चढ़ाया जाना है। उन्होंने बताया कि लगातार चल रहे जन जागरूकता अभियान और क्लोज कॉन्टैक्ट सर्वे से डेंगू के जांच का दायरा बढ़ा है। टेस्टिंग बढने से पॉजिटिव केसेस में इजाफा देखने को मिल रहा है। लेकिन इनमें से 78 प्रतिशत के करीब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं, जो कि अच्छी बात है। वहीं इलाजरत मरीजों में से दो तिहाई से अधिक घर पर रहकर इलाज करवा रहे हैं।

डॉ.पी.के.गुप्ता ने बताया कि डेंगू संक्रमित अधिकांश लोग सही इलाज और एहेतियात के साथ जल्द स्वस्थ हो जाते हैं। लक्षण के बाद भी जांच करवाने और डॉक्टरी परामर्श लेने में देरी करना कतई उचित नहीं है, किसी अन्य प्रकार की गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो उन्हें खास सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। डेंगू के लक्षण दिखने पर तुरंत ब्लड टेस्ट कराना चाहिए और डॉक्टर से इलाज करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभी जरूरत के अनुसार प्लेटलेट की पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने बीपी शुगर के मरीजों को डेंगू को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## खास खबर

### राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 18 पदक हासिल कर रोशन हुआ सूरजपुर

**सूरजपुर।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन 27 सितंबर को रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में संपादित हुआ। जिसमें सूरजपुर जिले के 141 खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिसमें 65 पुरुष व 76 महिला खिलाड़ियों ने 16 खेलों में अपनी प्रतिभा व कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें खिलाड़ियों द्वारा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 18 पदक हासिल किया गया। जिसमें 06 गोल्ड, 04 रजत और 08 कांस्य से पदक खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्राप्त हुए। जिले के लिए यह भी उपलब्धि रही कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाली जिलों में सूरजपुर में सबसे ज्यादा 18 पदक हासिल किया। संभाग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीनों स्तर में सर्वाधिक पदक सूरजपुर जिले ने प्राप्त किया। जिले का रस्सी कूद, बांटी कंचा, सांगली, लंगडी दौड़ और बिल्लस जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा। इस पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा छत्तीसगढ़ी ओलंपिक के राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश के खिलाड़ी सम्मिलित हुए जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने 18 पदक हासिल कर सूरजपुर का मान बढ़ाया है। जिसके लिए उन्होंने खेल विभाग व छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन को सफल बनाने वाले सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

### मुख्यमंत्री ने कोलियारी-खरेंगा-दोनर-जोरातराई मुख्य मार्ग का किया वर्चुअल भूमिपूजन

**धमतरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से 32 किलोमीटर लंबी सड़क कोलियारी-खरेंगा-दोनर-जोरातराई मुख्य मार्ग चौड़ीकरण, पुल-पुलिया सहित का भूमिपूजन कर जिलेवासियों को सौगात दी। कलेक्टोरेट में आयोजित विडियो कांफ्रेंसिंग में दिव्यांगजन कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी, विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, महापौर नगर निगम धमतरी विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष नीशू चंद्राकर, सभापति कविता बाबर, जनप्रतिनिधी शरद लोहाना सहित कलेक्टर ऋ तुराज रघुवंशी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कलेक्टोरेट सभाकक्ष से वर्चुअल वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। क्षेत्र की बहुप्रतिक्षित मांग कोलियारी, दोनर, खरेंगा, जोरातराई मार्ग निर्माण व चौड़ीकरण का आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूमिपूजन किया है, जिससे क्षेत्रवासियों की सालों पुरानी मांग अब पूरी हो पायेगी। बता दें कि वर्ष 2023-24 के बजट में शामिल धमतरी के कोलियारी-खरेंगा-दोनर-जोरातराई (मुख्य जिला) मार्ग पुल-पुलिया सहित मजबूतीकरण निर्माण कार्य के लिए 84 करोड़ आठ लाख 81 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। उक्त मार्ग निर्माण के लिए शासन-प्रशासन तक क्षेत्रवासियों की मांग पहुंच रही थी। जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस सड़क के बन जाने से जिलेवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी।

# विघ्नहर्ता गणपति का विसर्जनः गणपति बप्पा मोरया के नारों से गूंजता रहा नगर





श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** गणपति बप्पा मोरया मंगलमूर्ति मोरया कुछ ऐसे ही उद्घोष से सुबह से ही गरियाबंद की सड़कें गूंजती रही। इसको देखो वहीं अपने आराध्य गणपति को सबसे शानदार विदाई देना चाहते थे।हर तरफ़ रंगों और फूलों की होली खेलने वालों की भीड़ लगी थी।गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा में भक्तगण नाचते- झूमते नजर आये।इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया।

सिन्हा परिवार ने गणपति स्थपाना के पूर्ण किए 51वा वर्ष,,,,,,गणेश चतुर्थी पर सिन्हा परिवार की बुजुर्ग महिला धरमीन बाई सिन्हा बुद्धि देवी सिन्हा लक्ष्मी सिन्हा रेणुका सिन्हा भारती सिन्हा एवं लीना वंदना ने अपने निवास पर विराजमान गणपति जीं की आरती कर गणपति बप्पा को विशेष मंत्रों के साथ उनके द्वारा विदाई दी गई। पुराना मंगल बजार स्थित सिन्हा निवास में सिन्हा परिवार द्वारा गणपति स्थापना का यह 51वाँ वर्ष पूरा किया गया, 51वर्ष पहले उनके बुजुर्गों ने जो परंपरा शुरू हुई थी उस परंपरा को आज भी सिन्हा परिवार द्वारा निभाया जा रहा है परिवार के बुज़ुर्गो से ले कर बच्चे पूरे 11 दिन गणपति स्थापना को त्योहार की तरह मनाते है पूरे घर को दूधिया एव रनिंग लाइट से सजाते है प्रतिदिन मोदक का प्रसाद वितरण किया जाता है बड़े धूमधाम से परिवार सहित आसपस के लोग गणपति जी की आरती करते है।साथ ही 11वे दिन शोभा यात्रा निकाला जाता है उसी कड़ी में आज शोभायात्रा निकालकर गणपति बप्पा को विसर्जन के लिए जयकारों के साथ पुराना मंगल बाज़ार से मेंन रोड से तिरंगा चौक होते हुए श्रद्धालु अपने आराध्य को लेकर छिन्द तलाब के घाट पर पहुँचे, तो उनके साथ सेल्फ़ी लेने का दौर शुरू हो गया।अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित किया। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए छिन्द तलाब के तट पहुंचे।शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयघोष करते हुए खूब आनंदित हो रहे थे। वही नगर पालिका की पूरी टीम आज सुबह से ही छिन् तलाब में गणपति विसर्जन करने में लोगों की सहयाता करते नज़र आए नपा अध्यक्ष मेमन ने बतलाया पालिका की टीम के द्वारा तलाब में सभी मूर्तियों को विसर्जित करने के लिए पूरी टीम लगी हुई है अभी तक हमारे द्वारा 12 मूर्तियो का विसर्जन किया जा चुका है और भी मूर्तियाँ आना अभी बाक़ी है साथ ही हमारे द्वारा सफ़ाई को ले कर विशेष ध्यान दिया जा रहा है पूजा एवं हवन में उपयोग किए गए समग्री को तलाब में ना अर्पण कर नदी में अर्पित किया जाएगा जिससे तलाब में अन्य दिनो की तरह आम लोगों के उपयोग में काम आ सके पालिका टीम के अश्वनी वर्मा,केश नाथ साहू पुरषोत्तम चंद्राकर,भूपेन्द्र कश्यप एवं अन्य कर्मचरी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सरकारी भवनों तक आवाजाही में होगी सहुलियत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सरकारी भवनों तक लोगों को आवाजाही में सहुलियत होगी। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर 12 शासकीय भवनों तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए एक करोड़ 12 लाख 84 हजार की स्वीकृति मिली है। जिस पर लोगों ने संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार की पहल पर सार्वजनिक उपयोग के भवन शासकीय चिकित्सालय, स्कूल, कॉलेज, पंचायत सार्वजनिक भवन, उचित मूल्य की दुकान, आंगनबाड़ी भवन एवं अन्य शासकीय शैक्षणिक संस्थानों के भवन, सार्वजनिक स्थल यथा हाट-बाजार, श्मशान घाट, मेला स्थल, धान संग्रहण केन्द्र जैसे अनेक महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोग के केन्द्र को मुख्य मार्ग से जोडा जा रहा है। पहले ऐसे स्थानों तक बारहमासी पक्की मार्ग न होने के कारण आने-जाने वालों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

लेकिन मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसी तारतम्य में इस योजना के तहत ग्राम शेर में मुख्य मार्ग से स्कूल भवन तक 10.70 लाख की लागत से पहुंच मार्ग, शहर के बृजराज पाठशाला भवन तक 15.68 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, शासकीय उचित मूल्य की दुकान परसकोल तक 7.83 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, प्राथमिक शाला भवन अमावश तक 4.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, बनसिवनी मुख्य मार्ग से कौंदकेरा स्कूल भवन तक 18.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, आंगनबाड़ी भवन खम्हारमुड़ा तक 5.53 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, कोसरंगी मुख्य मार्ग से शासकीय स्कूल भवन तक 5.22 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, प्राथमिक स्कूल भवन खतराई तक 4.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, शासकीय भवन सिनौधा तक 4.61 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग, कोडार नाला मुख्य मार्ग से शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन गोपालपुर तक 12.52 लाख रूपए, उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बेलटुकरी तक 14.35 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग तथा प्राथमिक स्कूल भवन फुसेराडीह तक 8.57 लाख रूपए की लागत से पहुंच मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, नवीनीकरण एवं मरम्मत को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जा रहा है।

# भाजपा अपनी राजनैतिक रोटी सेकने पीएससी पर झूठे आरोप लगा रही - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास सरकार के खिलाफकोई मुद्दा नहीं है तो भारतीय जनता पार्टी ऐसी संस्थाओं की विश्वसनीयता को संदिग्ध बनाने का षडयंत्र कर रही है। जिन पर प्रदेश के युवाओ को भरोसा है। राज्य लोक सेवा आयोग ऐसी संस्था है जो पढ़े लिखे युवाओं के सपनों को साकार करती है।**

बिना किसी ठोस आधार के अपनी दूषित कल्पना शीलता के आधार पर पीएससी जैसी संस्थाओं पर सवाल खड़ा किया जाना न सिर्फ निदंनीय है आपत्तिजनक है। यह ऐसा प्रकरण है जिसमें शिकायतकर्ता कोई नहीं है सिर्फ राजनैतिक दल अपनी राजनैतिक रोटी सेक रहा और सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि किसी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हुये हों। किसी परीक्षार्थी ने लेनदेन की प्रमाणिक शिकायत किया हो। किसी कोचिंग संस्थान के पूर्व अनुमानित प्रश्न पत्रों के सेट से पीएससी के प्रश्न पत्र हू-बहू मिल रहे थे। मेरिट में चयनित अभ्यार्थियों के इन्टरव्यू के नंबर लिखित परीक्षा के अंको में बहुत ज्यादा असमानता नजर आ रही थी। चयन का आधार इंटरव्यू के नंबरों की अधिकता हो। वर्तमान में राज्य लोक सेवा आयोग के परीक्षा परिणामों पर ऐसा कोई भी आरोप नहीं लगा है उसके बावजूद गड़बड़ी के मनगढ़ंत आरोप लगाना भारतीय जनता पार्टी का निम्न स्तरीय हथकंडा है। पीएससी के सफल परीक्षार्थियो की उत्तर पुस्तिका उनकी अंकतालिका पीएससी की वेबसाईट पर सार्वजनिक है। अभ्यर्थी उसको देख सकता है किसी अभ्यर्थी ने कोई भी गड़बड़ी का आरोप नही लगाया है। किसी मेरिट में चयनित अभ्यार्थियों के लिखित परीक्षा की अपेक्षा व्यक्तित्व परीक्षण के अचंभित करने वाले या संदेहास्पद नंबर मिले हो तो भी उसके आधार पर चयन सूची पर सवाल खड़ा किया जाये तो भी तार्किफ लगता है।

लेकिन बिना किसी आधार के राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के रिजल्ट में सवाल खड़ा किया जाना भाजपा को मानसिक और राजनैतिक दिवालियेपन को दर्शाता है राज्य के युवा इसको कदापि बर्दास्त नहीं करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के पास पीएससी की चयन सूची में गड़बड़ी के आरोपो का आधार क्या है? सिर्फ यही कि पीएससी में नेताओं, अधिकारियों, व्यवसायियों के बच्चो के कुछ नाम चयनित हो गये है। भाजपा को आपत्ति है कि पीएससी में सगे भाई-बहन, पति-पत्नि का चयन कैसे हो गया? जबकि परस्पर रिश्तेदारो का चयन किसी अधिकारी के रिश्तेदारो का चयन या व्यवसायी नेता के रिश्तेदारो का चयन पहली बार नहीं हुआ है और न ही यह अपराध और न ही किसी का रिश्तेदार होना अयोग्यता का पैमाना हो जाता है। भारतीय जनता पार्टी के समय भी 2004 से 2021 तक भी परस्पर सबंधियो के चयन होते रहे है। हम इसकी सूची सार्वजनिक कर चुके है। भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि पीएससी ने सबूत मिटाने उत्तर पुस्तिकाओं को नष्ट करने निविदा मंगाया है। जबकि राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम के दो साल तक उत्तर पुस्तिका सुरक्षित रखता वर्तमान में भी जो निविदा मंगाया है वह 2020 तक की है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। भाजपा के नेता बिना तथ्यों के आरोप लगा कर भ्रम फैला रहे है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि इस प्रदेश में भाजपा के 15 सालो तक राज्य लोक सेवा आयोग तत्कालीन मुख्यमंत्री निवास का गुलाम बन गया था।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329


## खास-खबर



### रायपुर में 6 साल की मासूम से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, पुलिस हिरासत में नाबालिग

**रायपुर (ए)।** जिले के धरसींवा थाना क्षेत्र में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोस के रहने वाले नाबालिग ने 6 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी जब स्वजनों को मिली तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। पुलिस नाबालिग से पूछताछ कर रही है।

इधर, घटना को लेकर स्वजनों ने जमकर हंगामा किया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले लड़के को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। इसके साथ लोगों ने शुक्रवार को थाना घेराव की भी चेतावनी दी। वहीं पीड़ित नाबालिग बच्ची को इलाज के लिए धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। लेकिन धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उचित उपचार नहीं मिल पाने की वजह से उसे अंबेडकर अस्पताल रिफर कर दिया गया।



### गणेश विसर्जन करते समय नाले में डूबने से पंचायत सहायक सचिव की मौत

**दंतेवाड़ा (ए)।** जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। विसर्जन करते समय नाले में डूबने से पंचायत सहायक सचिव की मौत हो गई है। यह मामला गीदम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, गणेश विसर्जन के लिए गए बड़े तुमनार के रहने वाले नारायण कुंजाम की नाले में डूबने से मौत हो गई। वह पंचायत के सहायक सचिव पद पर पदस्थ था। यह हादसा गुरुवार देर शाम को हुआ। घटनास्थल पर रात में गोताखोरों की टीम नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद आज सुबह गांव के लोगों ने खोजा तो नाले में डूबे युवक का शव मिला। गीदम पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, पत्नी भी घायल

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता अनुपम भार्गव का सरगांव (बिलासपुर) के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनकी पत्नी नीतिका भार्गव को घायलावस्था में अपोलो हास्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। अनुपम के शर्मा सिंह बघेल नाम के कामेडी करैक्टर ने काफी लोकप्रियता पाई थी।






जानकारी के अनुसार अनुपम अपनी पत्नी नीतिका के साथ कार से बिलासपुर से रायपुर लौट रहे थे। रात्रि 8 बजे के आसपास सरगांव के करीब एक ट्राली से कार जा टकराई। गाड़ी ड्राइव कर रहे अनुपम गंभीर रूप से घायल हो गए और दुर्घटना के कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। नीतिका को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

मूलतः सरकंडा बिलासपुर निवासी अनुपम भार्गव पिछले दो वर्ष से रायपुर के कबीर नगर में रह रहे थे। अनुपम भार्गव ने '3 ठन भोकवा' से छत्तीसगढ़ी सिनेमा में अपने अभिनय एवं डायरेक्शन कैरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने शर्मा सिंह बघेल का हास्य किरदार निभाया था, जिसे काफी सराहा गया था।

बाद में '3 ठन भोकवा रिटर्नस' यू ट्यूब पर आई और उसमें भी अनुपम शर्मा सिंह बघेल के किरदार में दिखे। इसके अलावा उन्होंने 'हमर फैमिली नंबर वन', 'टिकट टू छालीवुड', 'कृष्णा अनुज खाटी मितान' एवं 'जिमी कांदा' फिल्में निर्देशित की और इन सभी फिल्मों में उन्होंने अभिनय भी किया। पिछले वर्ष उनके द्वारा निर्देशित और मन कुरैशी एवं मुस्कान साहू अभिनीत फिल्म साथी रे पर्दे पर आई थी। छत्तीसगढ़ी सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर सतीश जैन की फिल्म 'चल हट कोनो देख लिही' में अनुपम एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आए थे।

हाल ही में अनुपम ने प्रोड्यूसर गजेन्द्र श्रीवास्तव की छत्तीसगढ़ी में ही 'रॉकी राजा रानी' पूर्ण की थी। इसमें अनुपम ने अभिनय करने के साथ निर्देशन भी किया। उन्होंने एक हिन्दी फिल्म 'टॉक्सिन' भी की थी, जो कि प्रदर्शित नहीं हो पाई। फिल्मों में आने से पहले अनुपम रेडियो जाकी थे। उनका अंतिम संस्कार गृह नगर बिलासपुर में होगा।

## बीएसएफ जवान से लाखों की ठगी, मामला दर्ज




**दुर्ग।** बीएसएफ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक के साथ 11 लाख 27 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने बीएसएफ के अधिकारी से ग्राहक सेवा केन्द्र शुरू करने के नाम पर बीएसएफ के अधिकारी को ठगी का शिकार बनाया है। बीएसएफ अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

दरअसल, बीएसएफ के क्षेत्रीय मुख्यालय भिलाई में सहायक उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत विनय सिंह ने नेवई थाने में शिकायत की है कि, अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा ग्राहक सेवा केन्द्र खोलने के नाम पर मैसेज किया गया। जिसके बाद पीड़ित को आरोपी द्वारा एक मेल भेजा गया। पीड़ित से ग्राहक सेवा केन्द्र के लिए सैटलमेंट राशि के रूप में रकम जमा कराया. बाद में लिमिट बढ़ाने के नाम पर कुल रकम 11 लाख 27 हजार रुपए का ठगी कर ली।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित ने अज्ञात मोबाइल धारक को शुल्क जीएसटी, ट्रांसपोर्टेशन, एनओसी, एग्रीमेंट चार्ज के नाम पर भी पैसे दिए हैं। पीड़ित बीएसएफ अधिकारी विनय सिंह भरतपुर राजस्थान का रहने वाला है। बीएसएफ के अधिकारी ने फिलहाल शिकायत कर दी है। दुर्ग पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल साइबर एक्सपर्ट की टीम को केस फॉरवर्ड कर दिया है।

## रायपुर में दो कारों में भिड़ंत, बीच सड़क पर बैठी गाय की वजह से हुआ हादसा



**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड में दो कारों के बीच आपस में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने से बीच सड़क पर गाय की मौजूदगी का कार चालकों को पता नहीं चला, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे में दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। इस सड़क हादसे में एक कार युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सागर बाघमारे की है। दरअसल, यह सड़क हादसा तेलीबांधा थाना के अंतर्गत फुंडरहार चौक में हुआ है।

### रायपुर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा

शहर की सड़कों पर ही नहीं हाईवे, रिंग रोड पर मवेशियों का कब्जा होने की वजह से लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। रायपुर समेत प्रदेश भर की हाइवे, रिंग रोड हर रोज मवेशियों के खून से लाल हो रही हैं। आकंड़े काफी चौंकाने वाले हैं। पिछले छह महीने में सड़क दुर्घटना में पांच सौ से ज्यादा मवेशियों की मौत हुई है। वहीं वाहन सवार भी घायल होकर काल के गाल में समा रहे है।

### आवारा पशुओं से सड़क दुर्घटना में मौतों पर सीएस ने दिए निर्देश

बता दें कि आवारा पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर राज्य सरकार ने गंभीरता दिखाई है। परिवहन और पुलिस विभागों से इससे होने वाली दुर्घटना और मौतों की रिपोर्ट मंगाई गई है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आवारा पशुओं की वजह से होने वाले नुकसानों पर स्थायी हल निकालने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि हर हाल में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है, इसके लिए जो भी जरूरी उपाय हैं वह किया जाए। सड़कों पर घूम रहे इन पशुओं को पकड़ने के लिए 10 अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी गई है।

## सब्जी लेने गई महिला के घर से आधे घंटे में लाखों के जेवर पार



**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कबीरनगर में आधे घंटे में लाखों रुपये के गहनों की चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक महिला चोरी के वारदात के वक्त सब्जी लेने गई हुई थी। इसी बीच चोर छत के सहारे किचन में घुसा और लाकर तोड़कर गहने चुरा लिए। कबीर नगर थाना पुलिस ने अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महिला बिंदु सिंह ने पुलिस को बताया कि वो हाउस वाइफहै। 26 सितंबर मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे वो घर पर ताला लगाकर पास के ही सब्जी मार्केट गई थी। करीब आधे घंटे बाद वो घर वापस लौटी। तो उसने देखा कि घर का दरवाजा अंदर से लाक है। फिर महिला अपने पड़ोसी की छत से अपने घर के अंदर आई। उसने देखा कि किचन का दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। इसके अलावा बेडरूम में रखी आलमारी का लाकर भी टूटा दिखा। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत अपने घर वालों को दी। जिसके बाद पुलिस भी मौके में पहुंची।

### सोने-चांदी के गहने चोरी

महिला ने बताया कि उसके घर में रखे सोने का हार, मंगल सूत्र, अंगूठी और कान की बाली, गले की चेन, चांदी की पायल, ब्रेसलेट जैसे कई सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए है। रिपोर्ट के अनुसार एक लाख की चोरी हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध रूप से गैस सिलेंडर रिफलिंग करते ट्रेडर्स का संचालक गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** अवैध रूप से गैस सिलेंडरों में गैस रिफलिंग करने के साथ ही अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की बिक्री करते साईंनाथ ट्रेडर्स का संचालक बादल साहू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के पास गैस रिफलिंग व गैस सिलेंडर बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज एवं पंजीयन नहीं था। उसके कब्जे से अलग-अलग कंपनियों के कुल 39 नग सिलेंडर सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है।

मंगलवार को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत ललिता चौक स्थित साईंनाथ ट्रेडर्स के संचालक द्वारा अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडरों में गैस रिफलिंग कर अवैध रूप से गैस सिलेंडर बिक्री की जा रही है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में क्राइम और थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सांईनाथ ट्रेडर्स में जाकर रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकान में एक व्यक्ति उपस्थित था जिसने पूछताछ में अपना नाम बादल साहू होने के साथ ही स्वयं को सांईनाथ ट्रेडर्स का संचालक होना बताया।

टीम के सदस्यों द्वारा दुकान की तलाशी लेने पर घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे गैस सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस रिफलिंग करना पाया गया। आरोपित बादल साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें एक नग कमर्शियल खाली सिलेंडर एचपी कंपनी का, नौ नग घरेलू इंडेन कंपनी का सिलेंडर भरा हुआ, एक नग एचपी कंपनी का भरा सिलेंडर, पांच नग भारत कंपनी का सिलेंडर, जिसमें चार भरा हुआ, एक खाली, 23 नग छोटा खाली सिलेंडर कुल 39 नग सिलेंडर, सात नग नोजल सहित अन्य सामान जब्त किया गया।

## बालोद में नल जल योजना के पाईप चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**बालोद (ए)।** चोरी मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक चोरी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, जिला बालोद व नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा राजेश बागडे के मार्गदर्शन में दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में त्वरित चोरी के अज्ञात आरोपी को पकड़ने थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। थाना डौण्डी क्षेत्रान्तर्गत प्रार्थी विवेक अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल साकिन वार्ड क्र. 04 नंदई बसंतपुर जिला राजनांदगांव जिला बालोद (छग) ने थाना डौण्डी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नल जल योजना के तहत पाईप लाईन बिछाने के लिये एचडीपीई की 9 बंडल पाईप आमाडुला के मंडलपारा के सडक किनारे रखा था जिसमें से 300-300 मीटर का 3 बंडल 63 एम एम का पाईप नही था किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 300-300 मीटर का 3 बंडल 63 एम एम का पाईप कीमती करीब 1 लाख 55 हजार रुपये को आमाडूला मंडलपारा के सड़क किनारे से चोरी कर ले गया था रिपार्ट पर थाना डौण्डी में अपराध क्र. 208 / 2023 धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण के आरोपी का पता तलाशी के दौरान संदेही पुरूषोत्तम गावडे पिता हलालखोर गावडे उम्र 28 वर्ष और राजेन्द्र कुमार मण्डावी पिता राय सिंह मण्डावी उम्र 32 वर्ष निवासी चिहरो थाना डौण्डी जिला बालोद को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपीयों के कब्जे से चोरी किए गये 300-300 मीटर का 3 बंडल 63 एम एम का पाईप कीमती करीब 1 लाख 55 हजार रुपये को जब्त किया गया। आरोपीयों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण के कार्यवाही में थाना प्रभारी डौण्डी निरीक्षक सुनील तिर्की, उप निरी.धनेश्वर साहू. प्रआर विष्णु तारम, आरक्षक रवि निर्मलकर, जानेश्वर करचाल, की सराहनीय भूमिका रही।

## गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों में चाकूबाजी हमले में एक युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों में चाकूबाजी हो गई। घटना सीएसईबी चौकी अंतर्गत कोहड़िया स्थित नहर के पास की है। गुरुवार को गणेश विसर्जन करने पहुंचे दो अलग अलग समितियों के बीच पहले विवाद हुआ और उसके बाद चाकू बाजी हो गई। चाकूबाजी में बरपारा कोहड़िया निवासी हरीश कुमार (17) की मौत हो गई। वहीं भूपेंद्र कुमार (16) चाकू लगने से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी अंतर्गत कोहड़िया स्थित नहर के पास गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि एक गुट के युवकों ने दूसरे गुट पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान हरीश कुमार व भूपेंद्र कुमार पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया गया। हमले से हरीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भूपेन्द्र कुमार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद मौके पर भारी बवाल हुआ। मौके पर मृतक के परिजन व मोहल्ले वाले पहुंच गए और घटना के विरोध में सड़क पर बैठ गए। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाइश दी गई। परिजनों के साथ ही मोहल्ले वालों ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा देने की मांग की गई। घंटों मशक्कत के बाद लोग सड़क से हटे। इधर पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस मामले में आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी गई है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान एवं मरीजों की सेवा के लिए सम्मानित हुए दुष्यंत देवांगन

**दुर्ग।** जीवन दीप समिति जिला चिकित्सालय दुर्ग के कार्यकारिणी सदस्य एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रतिनिधि दुष्यंत देवांगन का स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए एवं भर्ती एवं अन्य मरीजों की सेवा और सहयोग के लिए जिलाधीश पुष्पेंद्र मीणा के द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान के लिए मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेंद्र साहू ने दुष्यंत देवांगन को बधाई दिया। वही क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें बधाई दी।

### अय्यूब खान बनाये गये अहिवारा विधानसभा के कांग्रेस प्रभारी

**दुर्ग।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजीव भवन रायपुर में कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलेजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी एस बाबा, गृहमंत्री ताम्रधवज साहु, वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे,सह प्रभारी चंदन यादव, सह प्रभारी विजय जांगिड़ सहित प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के सदस्य महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष,महासचिव, संयुक्त महासचिव एवं सचिवों का आगामी चुनाव देखते हुये सभी पदाधिकारीयो का कार्य विभाजन कर लोकसभा , जिला,एवं विधानसभावार प्रभारीयो की नियुक्ति की गई। जिसकी जानकारी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संगठन एवं प्रशासन के प्रभारी महासचिव मलकीत सिंह गैंदू ने सूची जारी कर दी। सूची मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अय्यूब खान को दुर्ग लोकसभा के अंर्तगत विधानसभा अहिवारा के लिए कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया।

### नेहरू आर्ट गैलरी में ईश्वर कुमार पटेल की फोटोग्राफी प्रदर्शनी उद्घाटित

**भिलाई।** संयंत्र कर्मी एवं छायाकार, ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खींची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 सितम्बर 2023 को संध्याकाल मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती द्वारा अन्य वरिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन करके किया गया। जिसका आयोजन 27 से 29 सितम्बर, 2023 तक भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। श्री ईश्वर कुमार पटेल, मर्चेंट मिल में चार्जमैन की पद पर कार्यरत हैं और इनकी रूचियाँ यात्रा, ट्रैकिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी में रही है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि श्री अजय कुमार चक्रवर्ती ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। आगंतुक पुस्तिका में श्री अजय कुमार चक्रवर्ती ने लिखा कि प्रदर्शनी में लगे हुए छायाचित्र, श्री ईश्वर कुमार पटेल द्वारा की गई फोटोग्राफी का अद्भुत प्रदर्शन है। इनकी तस्वीरें, हमारे छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाती है, इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने लिखा ये तस्वीरें बहुत अच्छी हैं और इसे जारी रखें। ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खींची गई छायाचित्रों में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों के झरने तथा हमारे भारत देश के कुछ अन्य राज्यों के पर्यटन स्थल व आकर्षण केन्द्र की तस्वीरें सम्मिलित हैं। इस अवसर पर फोटोग्राफर श्री ईश्वर कुमार पटेल सहित इस्पात नगरी के अन्य वरिष्ठ कलाकार एवं भारी संख्या में पर्यटन प्रेमी, फोटोग्राफी प्रेमी तथा आम नागरिक उपस्थित थे। यह तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी 27 से 29 सितम्बर, 2023 तक प्रतिदिन संध्या 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी।

# विधायक देवेंद्र यादव की पहल से सभी समाज के भवनों का होगा निर्माण, गायत्री प्रज्ञा पीठ हुडको में बनेगा डोम शेड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस प्रगति यात्रा के दौरान विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रोज लाखों की सौगात दे रहे हैं। हर वार्ड में लाखों का विकास कार्य करवा रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव गत दिनों जब प्रगति यात्रा कर रहे थे। तब कुछ समाज प्रमुखों से भी मिले थे। जिन्होंनें अपने समाज के भवन के लिए मांग की थी।**



विधायक यादव ने समाज प्रमुखों की मांगों को बड़ी गंभीरता से लिया और उस पर पहल की। इसी कड़ी में 28 अगस्त को विधायक देवेंद्र यादव ने पवार समाज, सिन्हा समाज, गंधर्व समाज, नाई समाज को बड़ी सौगात दी। सभी समाज का सामाजिक भवन बनाया जाएगा। इसके लिए पहल करते हुए आज सभी समाज के सामाजिक भवन के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। समाज प्रमुखों के हाथों के भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्पन करवाया गया।

इस दौरान समाज के सम्मानित नागरिकों ने विधायक देवेंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि युवा विधायक देवेंद्र यादव काफी उर्जावार है। जो अपनी जिम्मेदारियों को बड़ी इमानदारी और निष्ठा से करते है। सामाजिक भवन की सौगात हो या शहर के विकास की बात। विधायक देवेंद्र यादव ने पूरी निष्ठा से शहरवासियों के लिए काम किया है।

इसके लिए हम सभी उनका साधूवाद करते है। विधायक श्री यादव पहले विधायक है, जो नि:स्वार्थ भाव से सभी समाज के लिए काम कर रहे हैं। उनकी विनम्रता और सादगी सब का दिल जीत लेती है। ?इनसे मिलकर ऐसा लगता है वे विधायक नहीं हमारा अपना बेटा है। विधायक श्री यादव ने समाज प्रमुख और बड़े बुजुर्गों को प्रमाण किए और कहा कि आप सब का आशीर्वाद और प्रेम ही है जिससे मुझे शक्ति मिलती है। आप सब के आशीर्वाद से ही मैं यहां हूं। आप लोगों को जो प्यार हैं, यही मेरी पूंजी है। हमेशा यही प्रेम बनाएं रखिएगा ।

#### इन विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

- 10 लाख से पवार समाज का भवन निर्माण किया जाएगा।
- 25 लाख की लागत से सिन्हा समाज का भवन निर्माण किया जाएगा।
- 8 लाख की लागत से गंधर्व गाड़ा समाज के भवन ?का निर्माण किया जाएगा।
- रनाई समाज का सामुदायिक भवन बनाया जाएगा
- गायत्री प्रज्ञा पीठ हुडको में 6 लाख की लागत से डोमशेड बनाया जाएगा।

# जिले के युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की अभिनव पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल प्रारंभ की जा रही है। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मंशा के अनुरूप जिले के प्रत्येक जनपद एवं नगरीय निकाय में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। ये अधिकारी स्थानीय युवाओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप गूगल फार्म में एंट्री करायेंगे। साथ ही स्थानीय नियोक्ताओं से भी उनके संस्थान में उपलब्ध रिक्त पदों की जानकारी भी गूगल फार्म में एंट्री करायेंगे।**



गुगल फ ॉर्म के माध्यम से उपलब्ध रिक्तियों के लिए इच्छुक बेरोजगारों को सीधे लिंकेज कर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी नगरीय निकायों, उद्योग विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा गूगल फॉर्म के माध्यम से संकलित किया जाएगा। रोजगार प्राप्त करने हेतु आवेदन अपने जनपद पंचायत/नगरीय निकाय से गूगल लिंक प्राप्त कर सकेगा। स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्स, कुक, ड्राइवर, हॉस्पिटल में वार्ड बॉय, नर्सिंग स्टॉफ , जैसे पदों पर जनशक्ति की आवश्यकता होती है इन्हीं जरूरत को पूरा करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन के माध्यम से इस अभिनव पहल की शुरुआत की जा रही है। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने विगत 27 सितम्बर बुधवार को अधिकारियों की बैठक में सभी एसडीएम एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को इस हेतु आवश्यक पहल करने कहा है। उन्होंने अधिकारियों से समय-सीमा, पीजीएन, मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान प्राप्त आवेदनों एवं जनचौपाल के लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में विभागवार जानकारी ली। साथ ही पुराने लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करने कहा। कलेक्टर ने जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के गौठानों में रखे मवेशियों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के गौठानों में नगरीय निकायों के मवेशियों को शिफ्ट करने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़कों में मवेशी नहीं दिखने चाहिए। दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़कों में विचरित करने वाली मवेशियों के लिए गौठानों में रखने उपयुक्त प्रबंध किये जाए।

कलेक्टर ने ग्रामीण आवास न्याय योजना के संबंध में जानकारी ली। छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राज्य के कच्चे घरों में रहने वाले परिवारों के लिए 19 जुलाई 2023 को इस योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मुक्त आवास सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। योजना अंतर्गत जिले में एक हजार 761 पंजीकृत हितग्राही है। कलेक्टर श्री मीणा ने जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों के लिए निरीक्षण हेतु नियुक्त नोडिल अधिकारियों की कार्य गतिविधियों की जानकारी ली तथा निरीक्षण हेतु निर्धारित चेक लिस्ट अनुसार जानकारी एकत्र कर गुगल शीट में एन्ट्री करने कहा।

उन्होंने धान खरीदी हेतु समितिवार किसान पंजीयन की जानकारी ली तथा पंजीयन पश्चात् आरईओ से सत्यापन कराने संबंधित एसडीएम को विशेष ध्यान देने कहा। कलेक्टर ने जल-जीवन मिशन की अद्यतन कार्यों की समीक्षा करते हुए धीमी गति से हो रहे कार्यों में प्रगति लाने रिटेंडर कराने कहा। उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, स्कूल जतन योजना, सजेस की प्रगतिरत् कार्यों की संबधित विभागों से जानकारी ली तथा बेहतर कार्ययोजना के साथ लोगों के आयुष्मान कार्ड अपग्रेड करने कहा।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर शहर में निकला जुलूसे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद की यौमे पैदाइश (जन्मदिन) पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गुरुवार को शहर में जुलूसे मुहम्मदी निकला। इस दौरान जगह-जगह लंगर हुए और समाज के अलग-अलग तबके का सम्मान भी किया गया। मस्जिदों, मदरसों और ईदगाहों में सुबह की शुरुआत परचमे इस्लाम फहराने के साथ हुई। इस दौरान नारा-ए-तकबीर अल्लाहो अकबर और नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह की सदाओं से आसमां गूंज उठा।

इसके बाद शहर के अलग-अलग हिस्सों में जुलूसे मुहम्मदी निकला। ईद मिलादुन्नबी का मुख्य जुलूस दोपहर बाद निकला। जो शहर के विभिन्न हिस्सों की गश्त करते हुए सेक्टर-6 जामा मस्जिद पहुंचा। यहां शाम को मगरिब की नमाज से पहले परचमे इस्लाम फहराया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस ए मोहम्मदी की शुरुआत दोपहर में गौसिया मस्जिद कमेटी कैंप-1 से दोपहर 2:00 बजे हुई। जिसकी कयादत सैयद अदनान शरीफ किछौछा मुकद्दसा ने की। वहीं मद्दाहे रसूल सैयद तेग अली नागपुरी, हाजी तहसीन सलीम राजनांदगांव के अलावा शहर की तमाम मस्जिदों के इमाम सहित मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार व जनमानस बड़ी तादाद में मौजूद थे।

जुलूस लिंक रोड होता हुआ कैंप-2 रजा जामा मस्जिद पहुंचा, जहां से मदरसा रोड से शीतला काम्पलेक्स नंदिनी रोड फिर ओवर ब्रिज से पार कर 4:00 बजे इक्विपमेंट (मुर्गा) चौक पहुंचा। यहां खुर्सीपार जोन-1,2 और 3 से आने वाली अंजुमन भी शामिल हुईं। फिर सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर 5 चौक होते हुए शाम 5:30 बजे सेक्टर-6 जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान में पहुंचकर पूरा हुआ। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से बाद नमाजे मगरिब जामा मस्जिद सेक्टर 6 में रहमते आलम कॉन्फ्रेंस रखी गई ।

# स्व सहायता समूह, महिलाओं की एकजुटता से मिली आत्मनिर्भरता




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल एवं लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर दीन दयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के द्वारा स्व सहायता समूहों के संगठन (क्षेत्र स्तरीय संगठन) का प्रशिक्षण कार्य आरंभ किया गया है जिससे स्व सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय समावेश की उचित समझ बन सके, बैंको से संपर्क, विभागों से समन्वय तथा समूह संचालन की जानकारी महिलाओं को हो सके।

इसके लिए प्रबंधको व सामुदायिक संगठकों द्वारा सामुदायिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास, स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत बैंको से कम व्याज पर ऋण , समूह लोन, स्व सहायता समूहों का बैंक लिंकेज, स्वनिधि से समृद्धि सहित अन्य विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर निगम के डाटा सेंटर में किया गया।अन्य सभी क्षेत्र स्तरीय संगठनों का प्रशिक्षण वार्ड के समुदायिक भवनों में किया जा रहा है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने महिलाओं के विकास हेतु प्रशिक्षण को जरूरी बताते हुए खुशी जाहिर की।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि स्व सहायता समूह,महिलाओ की एकजुटता से आत्मनिर्भरता मिली हैअभी और जागरूक होना होगा।

# बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने कास्टर सीवी एक से उत्पादन हुआ प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने अपनी उपलब्धियों के अध्याय में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। एसएमएस-3 की टीम ने 19 सितम्बर 2023 को ब्लूम कम बिलेट कास्टर सीवी1 से 150ग150 बिलेट्स का सफलतापूर्वक उत्पादन शुरू कर दिया है। कास्टर सीवी1 से उत्पादन वर्ष 2018 में शुरू हुआ, लेकिन इस कास्टर में केवल यूआरएम में लॉन्ग रेल बनाने के लिए ब्लूम की आवश्यकता को पूरा करने हेतु ब्लूम का उत्पादन किया गया था।

एमडब्ल्यूआरएम और बीआरएम से उत्पादों की मांग को पूरा करने के लिए, बीएसपी को रोलिंग के लिए अपनी सहयोगी इकाइयों से बिलेट्स प्राप्त करने पड़ते थे, जिससे लाभ मार्जिन कम होकर वहां उत्पादन लागत बढ़ रही थी। बीएसपी के समग्र तकनीकी-अर्थशास्त्र में सुधार करने के लिए सीवी1 कास्टर से बिलेट्स का उत्पादन करने के विचार के साथ, टीम एसएमएस-3 ने सीवी1 कास्टर को परिवर्तित (कन्वर्सन) करने का कठिन कार्य किया था। यह परिवर्तन एसएमएस-3 को उसके ग्राहक मिलों अर्थात् यूआरएम, एमडब्ल्यूआरएम, बीआरएम और आरएसएम की मांगों को पूरा करने के लिए कास्टर में अनुभाग की विनिमेयता में मदद करता है।

कास्टर कन्वर्सन की इस प्रक्रिया में थोड़ा अतिरिक्त समय लगा, क्योंकि मई 2023 और अगस्त 2023 माह में प्रारंभिक परीक्षणों से वांछित परिणाम नहीं मिले। शीर्ष प्रबंधन और तकनीकी साझेदारों के बहुमूल्य इनपुट के साथ-साथ एसएमएस-3 की उर्जावान टीम ने कभी न हार मानने वाले रवैये के परिणामस्वरूप वांछित परिणामों के साथ सफलतापूर्वक कास्टर कन्वर्सन प्राप्त हुआ है। एसएमएस-3 के सभी संबद्ध विभागों, विशेषकर इंजीनियरिंग शॉपस् और ईडीडी के बहुमूल्य योगदान के बिना यह यात्रा संभव नहीं हो पाती। यह कास्टर कन्वर्सन भारत में अपनी तरह का पहला परिवर्तन है और इसने टीम एसएमएस-3 को भारतीय इस्पात उद्योग में एक नई ताकत के रूप में उभारा है।

एसएमएस-3 में सीवी1 कास्टर को रेलवे उद्योग में उपयोग होने वाले एक महत्वपूर्ण घटक बिलेट्स और रेल ब्लूम्स का उत्पादन करने के लिए डिजाइन किया गया था। अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में विविधता लाने और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक कदम के तौर पर, बीएसपी प्रबंधन ने बिलेट उत्पादन के लिए सीवी1 कास्टर का पुन: उपयोग करने का निर्णय लिया।


### ब्रह्माकुमारीज के नवनिर्मित भवन आनंद सरोवर बघेरा का भव्य लोकार्पण

# परमात्मा ही सत्य है, हम सब सत्यता के मार्ग पर चलें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नवनिर्मित भवन आनंद सरोवर बघेरा के भव्य उद्घाटन समारोह में गुरुवार को प्रात: 8:30 बजे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारीज के सानिध्य में लोकार्पण, शिव ध्वजारोहण, राजयोगिनी कमला बहन सभागार का विधिवत् उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों के रूप में राजेंद्र साहू अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग, चतुर्भुज राठी अमर बिल्डर, अंशुल जैन, विद्याश्री आईल मिल, प्रभात पडियार, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी, हेमलता दीदी, क्षेत्रीय निर्देशिका इंदौर जोन, ब्रह्माकुमारी उषा दीदी संचालिका, ब्रह्माकुमारीज उज्जैन, ब्रह्माकुमारी आशा दीदी संचालिका ब्रह्माकुमारीज भिलाई, संस्था के मुख्यालय माऊण्ट आबू से ब्रह्माकुमार टोमन, प्रकाश, देवेन्द्र, आनंद व शंकर मंचस्थ थे। इस अवसर पर दुर्ग शहर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना से लेकर अभी तक की 41 वर्षों के संपूर्ण सेवाओं के कार्यक्रम की डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की गई जो ब्रह्माकुमारीज के संघर्ष एवं सफलता की दास्तां है। जो सभी दर्शकों को प्रेरणा दे गयी। आये हुए सभी आमंत्रित अतिथियों ने आनंद सरोवर के उद्घाटन समारोह पर अपनी-अपनी शुभकामनाएँ व बधाई दी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लंदन से पधारीं ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि



परमपिता परमात्मा की कमाल है कि किस तरह से परमात्मा ने सारे विश्व के अंदर शांति के ऐसे स्थान बनवाए हैं और विशेष उसमें भी भारत में कोने-कोने में मनुष्य आत्माओं की ज्योत जगाने के लिए शांति का दान देने के लिए इतने सुंदर भवन बनवाए हैं ।

दुर्ग का भाव है फोर्ट अर्थात किला तो यह इतना शानदार किला बन गया है जो कि दुर्ग के अंदर जहां पर हर आत्मा की रक्षा भी हो सकती है। हर आत्मा को ऐसे महसूस हो सकता कि यहां पर हमें सुख-शांति-आनंद का अनुभव हो रहा है, मुझे लगता है कि परमात्मा ने जो यह कोने-कोने में भवन बनवाए हैं इसका कारण यह है कि जब हम बाहर में होते हैं तो बहुत तनाव की बातें, बीमारियों की बातें , अनेक प्रकार के समस्याओं की बातें होती है, परंतु ऐसे गर्म वातावरण में ऐसे ऐसे भवन है जहां पर परमात्मा की शीतल छाया हमें प्राप्त हो रही है , परमात्मा के संग का हमें अनुभव प्राप्त हो रहा है जिससे सब प्रकार की जो भी मन और तन की बीमारियां दूर हो सकती है।

आनंद सरोवर अर्थात सच्चा आनंद स्वरूप , तो परमात्मा है सत्यम-शिवम-सुंदरम। इतना सुंदर परमपिता परमात्मा जो है ही सत्य , उससे हमें यही शिक्षा मिलती है कि हम सब सत्यता के मार्ग पर चलें , और जैसे-जैसे हम सत्यता के मार्ग पर चलते जाते हैं, अनेकों को भी वही प्रकाश, वही रोशनी मिलती है।

कार्यक्रम में कुमारी आंचल, धरनी, चारू, लिपिका, कशिश, सुरभि, धारिणी, युक्ति, मौसमी, गिरीशा, चंद्राणी, जागृति ने भिन्न-भिन्न नृत्यों की प्रस्तुति दी।

# 3.5 करोड़ की लागत से बोरसी क्षेत्र में बेहतर होगी स्वास्थ्य शिक्षा सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर में लगातार स्वास्थ्य एवं शिक्षा की दिशा में नई योजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जा रहा है जिस कड़ी में एक और मील का पत्थर रखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बोरसी पोटिया क्षेत्र में 3.6 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें वार्ड 52 हनोदा रोड स्थित कन्या विद्यालय का 1.5 करोड़ की लागत से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में उन्नयन, 36-36 लाख की लागत से वार्ड 52, पंचशील नगर वार्ड 51, कंडरा पारा वार्ड 34 व जोगी नगर में हमर क्लिनिक समेत वार्ड 54 पोटिया में 80 लाख के मांगलिक भवन व 5 लाख के धोबी समाज भवन वार्ड 53 मरार समाज भवन में बाउंड्री वाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वोरा ने कहा कि शहर के आउटर वार्डों के लिए विशेष कार्ययोजना बना कर राशि स्वीकृत कराई जा रही है वार्ड 52 में उत्कृष्ट विद्यालय का निर्माण होने से आसपास के 6 वार्डों के छात्र छात्राओं को इसका लाभ प्राप्त होगा साथ ही हमर क्लिनिक में प्रतिदिन एमबीबीएस डॉक्टर की मौजूदगी से घर के निकट ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का मुफ्त निराकरण होगा। वोरा ने अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देध दिया ।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950